दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित >>> दिल्ली >>> गाजियाबाद >>> नोएडा >>> ग्रेटर नोएडा >>> हापुड़ >>> अमरोहा >>> बागपत >>> मेरठ >>> मुजफ्फर नगर >>> बिजनौर >>> मुरादाबाद >>> बुलंदशहर >>> अलीगढ़ >>> फरीदाबाद >>> गुड़गांव >>> सोनीपत

RNI-UPHIN/2009/30721

**दिल्ली**
अधिकतम तापमान 30 डिग्री
न्युनतम तापमान 25 डिग्री
**एनसीआर**
अधिकतम तापमान 31 डिग्री
न्युनतम तापमान 25 डिग्री

मंगलवार 03 जून 2025
सूर्योदय प्रातः 05 :24 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 16 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 बिहार चुनाव का रोडमैप राम की रीति भारत की नीति

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 16 | अंक : 228 | गाजियाबाद, मंगलवार 03 जून 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## तेलंगाना स्थापना दिवस पर मोदी-शाह ने दी राज्य के लोगों को बधाई

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को तेलंगाना के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "तेलंगाना के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई। तेलंगाना को राष्ट्र की प्रगति में असंख्य योगदान देने के लिए जाना जाता है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग ) सरकार ने पिछले एक दशक के दौरान राज्य के लोगों के 'जीवन को आसान' बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। राज्य के लोगों की सफलता और समृद्धि की कामना करता हूं।" गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना के लोगों को बधाई देते हुए राज्य के लिए समृद्धि की नई ऊंचाई छूने की कामना करते हुए एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, "तेलंगाना राज्य दिवस पर, राज्य के हमारे भाइयों और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## सिक्किम में भूस्खलन से तीन जवानों की मौत, छह लापता

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। सिक्किम के लाचेन जिले में भारतीय सेना का एक कैंप भूस्खलन की चपेट में आ गया। इस हादसे में सेना के तीन जवानों की मौत हो गई है। सेना ने बताया कि इलाके में तेज बारिश के कारण स्थिति काफी खराब हो गई है। भूस्खलन में लापता जवानों की तलाश में बचाव अभियान जारी है। सेना द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि 1 जून की शाम लगभग 7 बजे, लाचेन जिले के चेटेन इलाके में स्थित भारतीय सेना के सैन्य शिविर पर विनाशकारी भूस्खलन हुआ। मूसलधार बारिश को इस भूस्खलन का कारण माना जा रहा है। आपदा के तुरंत बाद भारतीय सेना ने त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया और विपरीत परिस्थितियों में भी अद्वितीय समर्पण और साहस का परिचय दिया।

## नीट - पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट - पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

## MP के दो पत्रकारों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट तत्काल सुनवाई को सहमत

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कथित तौर पर दो पत्रकारों के साथ मारपीट करने के खिलाफ दायर उनकी याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अवैध रेत खनन गतिविधियों से संबंधित (रेत माफिया के बारे में) रिपोर्टिंग करने पर मध्य प्रदेश के कुछ पुलिस अधिकारियों ने उन पर हमला किया था।

पीठ ने हालांकि सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करने से पहले याचिकाकर्ताओं से सवाल किया कि उन्होंने राहत के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया? न्यायमूर्ति शर्मा ने सुनवाई के दौरान पूछा, "क्या हमें देशभर के अग्रिम जमानत के मामलों पर केवल इसलिए विचार करना चाहिए क्योंकि इसमें एक पत्रकार शामिल है?" पत्रकारों का पक्ष रखने वाले वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि दोनों को अपने जान पर खतरा मंडरा रहा है। उन पर 'झूठे और मनगढ़ंत' मामलों में गिरफ्तारी का खतरा है।

# भारत और पराग्वे द्विपक्षीय संबंधों की संरचना सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करेंगे

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷



भारत और लैटिन अमेरिकी देश पराग्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करने का सोमवार को फैसला किया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार विमर्श किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच संयुक्त आयोग की स्थापना को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हश्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की। श्री मोदी ने कहा, "आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं।

यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशश्त करेंगे। हमारे पास डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं।"

उन्होंने कहा , "पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है। हमारा भूगोल भले ही अलग हो, लेकिन हमारे लोकतांत्रिक आदर्श और जनकल्याण की एक ही सोच है।" श्री मोदी ने कहा "आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और नशीली दवाओं की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ का एक अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएँ, आकांक्षाएँ और चुनौतियां समान हैं, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन, पैराग्वे के लोगों के साथ साझा कर सके। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं।"

श्री मोदी ने कहा, "मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा आपसी विश्वास, व्यापार और घनिष्ठ सहयोग के श्तंभों को नई ताकत प्रदान करेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों में नए आयाम भी जोड़ेगा।

पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जहाँ हमने कई विषयों पर बढ़ते सहयोग पर चर्चा की। हम इन सभी क्षेत्रों में पराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।"

विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी कुमारन ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा, "दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा और सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, खनन सहित द्विपक्षीय संबंधों के पूरे आयाम पर व्यापक चर्चा की।

## असम, तमिलनाडु से राज्य सभा की 8 सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचनाएं जारी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राज्य सभा के लिए असम और तमिलनाडु से कुल आठ सीटों के लिए 19 जून को कराये जाने वाले चुनाव के लिए अधिसूचनाएं सोमवार को जारी कर दी गयीं। अधिसूचनाओं के साथ ही दोनों राज्यों में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का काम शुरू हो गया है।

राज्य सभा में असम की इन दो सीटों के वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल 14 जून को और तमिलनाडु की छह सीटों के प्रतिनिधियों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन-पत्र नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी और नाम 12 जून तक वापस लिये जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 19 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कराय जायेगा। इसमें संबंधित राज्यों के विधान सभा सदस्य मतदान करेंगे।

मतगणना मतदान सम्पन्न होने के एक घंटे बाद की जाएगी। आयोग ने कहा है कि मतदान की पूरी प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी।

आयोग ने असम में चुनाव के लिए राज्य विधानसभा के अतिरिक्त सचिव राजीव भट्टाचार्य को चुनाव अधिकारी तथा विधानसभा के ओएसडी (संयुक्त सचिव) प्रदीप हांडिक को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया है।

तमिलनाडु में विधानसभा के अतिरिक्त सचिव बी सुब्रमण्यिम चुनाव अधिकारी तथा विधान सभा के संयुक्त सचिव के. रमेश सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गये हैं।

## स्कूल जाने वाले एक-चौथाई बच्चों की पूरी नहीं हो रही नींद : डॉ. वीके पॉल

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷



नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. (प्रो.) वी.के. पॉल ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में नींद की कमी पर एक अध्ययन जारी करते हुए कहा कि हमारे स्कूली बच्चों में से एक-चौथाई उचित नींद से वंचित हैं, जिससे उनमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ रहा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी) और सर गंगा राम अस्पताल द्वारा संयुक्त रूप से किए गए अध्ययन में, 12-18 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले किशोरों में नींद की कमी की व्यापकता और यह किस प्रकार संज्ञानात्मक कार्यों को प्रभावित करती है, इस पर फोकस किया गया।

पॉल ने कहा, "नींद मशितष्क के कामकाज, मजबूत प्रतिरक्षा, श्रेष्ठ प्रदर्शन और स्मृति के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक मौलिक जैविक आवश्यकता है।" उन्होंने कम से कम सात-आठ घंटे की नींद लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा, "स्कूली बच्चों में नींद की कमी का स्वास्थ्य पर प्रभाव आज के शैक्षणिक माहौल में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।" उन्होंने भटकावों, विशेष रूप से स्क्रीन टाइम, का जिक्र किया, जो नींद में महत्वपूर्ण बाधा है।

पॉल ने "बच्चों को अधिक बुद्धिमान, सक्षम और कुशल बनाने के लिए सकारात्मक नींद को बढ़ावा देने की आवश्यकता" पर बल दिया।

विशेषज्ञ ने स्वास्थ्य पेशेवरों और नीति निर्माताओं से देश में बच्चों और युवाओं की नींद की स्थिति में सुधार लाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। इस बीच, अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला कि 22.5 प्रतिशत किशोर नींद से वंचित हैं, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

अध्ययन में शामिल 60 प्रतिशत प्रतिभागियों में अवसाद के लक्षण दिखे जबकि 65.7 प्रतिशत किशोरों में कम से मध्यम श्तर की संज्ञानात्मक कमजोरी देखी गई। अध्ययन से पता चला है कि स्क्रीन टाइम के अतिरिक्त, स्कूल की दिनचर्या और पारिवारिक आदतें भी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं और दिन के समय में अस्वस्थता में योगदान करती हैं।

अस्पताल में बाल स्वास्थ्य संस्थान की वरिष्ठ सलाहकार किशोर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. लतिका भल्ला ने कहा, "अध्ययन के निष्कर्ष एक चिंताजनक पैटर्न को उजागर करते हैं। कई किशोरों को पर्याप्त नींद नहीं मिल रही है, जो खराब एकाग्रता, भावनात्मक असंतुलन और खराब शैक्षणिक प्रदर्शन से निकटता से जुड़ा हुआ है।" अध्ययन में इस बात पर जोर दिया गया कि स्कूलों, परिवारों और नीति निर्माताओं को किशोरों के विकास के लिए नींद संबंधी स्वास्थ्य को आवश्यक मानने की तत्काल आवश्यकता है।

# विमानन क्षेत्र में वैल्यू चेन लीडर के रूप में उभरेगा भारत : मोदी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के विमानन क्षेत्र में आये क्रांतिकारी बदलावों की सराहना करते हुए आज कहा कि देश में विमानन क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार है और आने वाले दिनों में दुनिया, भारत को एक विमानन बाज़ार नहीं, बल्कि एक वैल्यू चेन लीडर के रूप में भी देखेगी इसलिए दुनिया की बड़ी विमानन कंपनियों के लिए भारत में निवेश के लिए आज एक बेहतरीन अवसर है।

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित किया। श्री मोदी ने विश्व श्तरीय हवाई बुनियादी ढांचे के विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आश्वश्त है।

उन्होंने वैश्विक विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की भूमिका को न केवल एक विशाल बाजार के रूप में बल्कि नीतिगत नेतृत्व, नवाचार और समावेशी विकास के प्रतीक के रूप में भी रेखांकित किया। आज भारत अंतरिक्ष-विमानन क्षेत्र में एक वैश्विक लीडर के रूप में उभर रहा है। यह देखते हुए कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जो अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह शिखर सम्मेलन और संवाद न केवल विमानन के लिए बल्कि वैश्विक सहयोग, जलवायु प्रतिबद्धताओं और न्यायसंगत विकास को आगे बढ़ाने के लिए भी एक मंच के रूप में काम करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिखर सम्मेलन में चर्चा वैश्विक विमानन को नई दिशा प्रदान करेगी, इसकी अनंत संभावनाओं को उजागर करेगी और इसकी क्षमता को अनुकूलित करेगी। उन्होंने चंद घंटों में विशाल दूरी एवं अंतरमहाद्वीपीय यात्राओं को पार करने की मानवता की क्षमता पर रेखांकित की और इस बात पर जोर दिया कि 21वीं सदी की आकांक्षाएं पारंपरिक यात्रा से परे विकसित होती रहती हैं। उन्होंने नवाचार की तीव्र गति और तकनीकी प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे-जैसे गति बढ़ती है, दूर के गंतव्य हमारी नियति बन रहे हैं।

श्री मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि अंतरिक्ष उड़ानों और अंतरग्रहीय यात्राओं के व्यावसायीकरण की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के साथ यात्रा अब पृथ्वी के शहरों तक ही सीमित नहीं है। उन्हें नागरिक उड्डयन में एकीकृत करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया कि इस तरह के विकास में समय लगेगा, लेकिन वे परिवर्तन और नवाचार के केंद्र के रूप में विमानन के भविष्य को उजागर करते हैं, जिसके लिए भारत पूरी तरह से तैयार है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को चलाने वाले तीन मूलभूत श्तंभों की रूपरेखा बतायी, पहला, एक विशाल बाजार-न केवल उपभोक्ताओं का संग्रह बल्कि भारत के आकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है। दूसरा, एक मजबूत जनसांख्यिकीय और प्रतिभा पूल-जहाँ युवा नवप्रवर्तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा में सफलताओं का नेतृत्व कर रहे हैं। तीसरा, एक खुला और सहायक नीतिगत पारिस्थितिकी तंत्र - औद्योगिक विकास को सक्षम करना है।

## 25 लाख के इनामी सहित 16 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

✷ वेबवार्ता. सुकमा ✷

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस



जवानों को तब बड़ी सफलता मिली जब 25 लाख के इनामी सहित 16 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक के सामने सोमवार को सामूहिक आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। श्री चौहान ने बताया कि पुनर्वास नीति-2025 के तहत प्रत्येक आत्मसमर्पित नक्सली को को 50-50 हजार रुपये के मान से प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। श्री चौहान ने साथ ही दावा किया कि केरलापेंदा गांव अब नक्सल मुक्त हो गया है। आज आत्मसमर्पण करने वाले अधिकांश नक्सली उसी गांव के निवासी हैं।

## कटरा से कश्मीर के लिए रेल लिंक खोलने की तैयारी पूरी

जम्मू-कश्मीर में ऊधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के बचे हुये भाग के निर्माण के छह माह बाद उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गयीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी खड्ड रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा श्री माता वैष्णों देवी कटरा से श्रीनगर- बारामूला के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे।

## भाजपा की सरकार बनने के बाद निजी स्कूलों ने मनमानी फीस बढ़ानी शुरू कर दी : आप




✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि जबसे दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी है निजी स्कूलों ने बेलगाम तरीके से फीस बढ़ानी शुरू कर दी है।

आप की वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आज कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार शिक्षा माफिया को बचाने के लिए निजी स्कूल फीस रेगुलेशन विधेयक छिपा रही है। आम आदमी पार्टी बच्चों के अभिभावकों की आवाज बनेगी और इस विधेयक पर जनता से रायशुमारी करेंगे। आम आदमी पार्टी अभिभावकों से से मिले सुझावों के अनुसार विधानसभा में विधेयक में जरूरी संशोधन की माँग करेगी ।

सुश्री आतिशी ने कहा कि जबसे दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, निजी स्कूलों ने बेलगाम तरीके से फीस बढ़ानी शुरू कर दी है। सभी निजी स्कूलों ने 20 से 80 फीसद तक फीस बढ़ा दी है। भाजपा सरकार में दिल्ली का मीडिल क्लास त्रश्त हो चुका है, क्योंकि वह अपने बच्चों की फीस नहीं दे पा रहा है। करीब 40 डिग्री तापमान में बच्चों के अभिभावक स्कूल और शिक्षा निदेशालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।

उन्होंने कहा कि एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा और निजी स्कूलों के बीच सांठगांठ की वजह से बेलगाम तरीके से निजी स्कूलों की फीस बढ़ रही है। निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता बार-बार शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री के पास जाते हैं और मंत्री उनसे झूठे वादे करते हैं कि फीस नहीं बढ़ने देंगे, लेकिन आज तक एक भी निजी स्कूल ने फीस बढ़ोतरी नहीं रोकी है।

आप नेता ने कहा कि भाजपा सरकार ने फीस वृद्धि पर रोक लगाने के लिए कानून लाने की बात कही। इसे विधानसभा में पास कराएंगे, लेकिन माता-पिता और फीस वृद्धि के खिलाफ केस लड़ने वालों से बिना पूछे और कानून को बिना दिखाए भाजपा सरकार चुपचाप तरीके से बिल को कैबिनेट में पास कर दिया। भाजपा ने किसी को भी बिल की कॉपी नहीं देखने दी। भाजपा यह कानून निजी स्कूल में फीस कम करने के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ दिखावा करने और इन स्कूलों को बचाने के लिए ला रही है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

## असम में बाढ़ की स्थिति बिगड़ी, मृतक संख्या 7

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है और इसके कारण 17 जिलों के तीन



लाख लोग इससे प्रभावित हैं और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या सात हो गयी है।

बाढ़ से सात लोगों के मरने के अलावा, राजधानी गुवाहाटी में पिछले सप्ताह भूस्खलन के कारण पांच लोगों की मौत हो गई थी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने सोमवार को बताया कि राज्य के 17 जिलों के 758 गांव जलमग्न हो गये हैं जिसके कारण बच्चों और महिलाओं सहित कुल 364046 लोग प्रभावित हुए हैं।

बाढ़ प्रभावित जिलों में फंसे लोगों के लिए सरकार ने राहत सामग्री वितरित करने के वाश्ते 52 राहत शिविर और 103 राहत वितरण केंद्र खोले हैं। एसडीआरएफ आज सुबह से ही धेमाजी और हैलाकांडी जिले में लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए अभियान चला रही है। एएसडीएमए अधिकारियों ने बताया कि 10 हज़ार से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है।

उन्होंने बताया कि नागांव जिले के कामपुर राजस्व क्षेत्र में एक तटबंध टूट गया है। इन 17 जिलों के अलावा, दरांग, कामरूप, कछार और कामरूप मेट्रो सहित चार जिलों में शहरी क्षेत्रों में भी बाढ़ आई है जिससे 41,090 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण दीमा-हसाओ और श्रीभूमि जिलों में भूस्खलन की घटनाएं भी हुई हैं।

संक्षिप्त समाचार

## गणपति घाट की नई सड़क के ओवर ब्रिज से 50 फीट नीचे गिरा ट्राला, ड्राइवर और कंडक्टर की मौत



**धार ।** राऊ -खलघाट फोरलेन के गणपति घाट की नई सड़क पर देर रात को एक सड़क हादसा हो गया। नई सड़क के ओवर ब्रिज के मोड़ पर ट्राला अनियंत्रित होकर करीब 50 फीट नीचे जा गिरा। हादसे में ट्राले में सवार ड्राइवर और कंडक्टर की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। दोनों को एंबुलेंस की मदद से धामनोद अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर काकड़ादा पुलिस पहुंची। जानकारी अनुसार इंदौर की ओर से आकर धामनोद की तरफ जा रहा ट्राला क्रमांक एमपी 09 एचजी 0954 गणपति घाट के नई सड़क के ग्राम बाकानेर में ब्रिज के मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 50 फिट ब्रिज के निचे जा गिरा। हादसें में ट्राले में सवार ड्राइवर और कंडक्टर की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी लगते ही काकड़दा चौकी प्रभारी मिथुन चौहान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ड्राइवर और कंडक्टर को 108 एम्बुलेंस कि मदद से उपचार के लिए धामनोद अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ट्राला गेहूं से भरा हुआ था। हादसें में ट्राला बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हे।

## बुरहानपुर के माजिद हुसैन ने एमपी में किया टॉप, देश में तीसरा स्थान

**बुरहानपुर ।** जेईई एडवांस्ड 2025 का रिजल्ट सोमवार सुबह जारी हो गया है। जिसमें मैक्रो विजन एकेडमी बुरहानपुर के माजिद मुजाहिद हुसैन ने मध्य प्रदेश में टॉप किया है। उन्होंने एआईआर (ऑल इंडिया रैंक) 3 हासिल की है। उनसे पहले दोनों कैंडिडेट कोटा (राजस्थान) से हैं। जिसमें पहले स्थान पर राजित गुप्ता और दूसरे स्थान पर सक्षम जिंदल हैं। इस सफलता पर माजिद मुजाहिद हुसैन के पिता ने बताया कि यह बच्चे की कड़ी मेहनत का नतीजा है। हमें अपने बेटे पर गर्व है। आज उसका स्कूल में सम्मान हो रहा है। बच्चे के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में आना एक अलग ही अनुभव है। वहीं, माजिद ने कहा कि सफल होना है, तो खुद पर भरोसा जरूरी है। ऐसा होने पर आप ज्यादा बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। साथ ही, मानसिक तनाव से दूर रहते हैं। इससे पहले माजिद ने जेईई मेंस मैं भी ऑल इंडिया रैंक हासिल की थी।

## वक्फ प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन के लिए नई वेबसाइट शुरू करेगी केंद्र सरकार, राज्य सरकारों से चर्चा भी जल्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वक्फ संशोधन कानून पर मचे बवाल के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। इस बीच केंद्र सरकार इस कानून के क्रियान्वयन को लेकर तैयारियों में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक केंद्र की भाजपा सरकार इस सप्ताह वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए एक नई वेबसाइट शुरू करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार वक्फ के संचालन के नियमों को लेकर जल्दी ही राज्यों के साथ विचार-विमर्श करने की योजना भी बना रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नई वेबसाइट पर देश भर की वक्फ संपत्तियों का पूरा ब्योरा होगा, जिसमें उनके मुतवल्लियों की संपत्ति भी शामिल होगी। वहीं केंद्र सरकार वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के लिए नियम बनाने के लिए राज्य सरकारों से भी चर्चा करेगी। बता दें कि कानून के तहत राज्य स्तरीय वक्फ बोर्ड राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में होंगे और उनमें राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व भी होगा। राज्यों से सलाह और सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों और वक्फ बोर्ड के लिए नियमों को अधिसूचित कर सकती है। इससे पहले केंद्र सरकार ने बीते अप्रैल माह में वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया था, जिसके बाद 5 अप्रैल को इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिली थी। हालांकि इसके बाद कुछ मुस्लिम संगठनों और कुछ सांसदों ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# गुरुग्राम में भी एक ट्रैक पर दौड़ेंगी नमो भारत-मेट्रो

### दिल्ली से राजस्थान का सफर होगा आसान

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
दिल्ली के सराय रोहिल्ला से गुरुग्राम होते हुए राजस्थान के नीमराना तक नमो भारत ट्रेन को मेरठ की तर्ज पर चलाया जाएगा। भविष्य में नमो भारत ट्रेन के ट्रैक पर मेट्रो भी चलाई जाएगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस रूट की संशोधित डीपीआर को मंजूरी देने के बाद बैठक में यह आदेश दिए कि नमो भारत के ट्रैक इस तरह तैयार किए जानें जिन पर भविष्य में मेट्रो भी चलाई जा सके। मई के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इसमें हरियाणा सरकार के कई विभागों के अधिकारियों के अलावा एनसीआरटीसी के अधिकारी मौजूद थे। इसमें मुख्यमंत्री के आदेश को हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (एचएमआरटीसी) ने एक पत्र के माध्यम से जारी किया है। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा है कि मेरठ में निर्मित नमो भारत ट्रेन के ट्रैक की तर्ज पर दिल्ली से हरियाणा होते हुए राजस्थान तक का ट्रैक तैयार किया जाए। भविष्य में यदि इस रूट पर मेट्रो चलाने की योजना है तो दूसरा ट्रैक तैयार नहीं करना पड़े। इस ट्रैक पर मेट्रो को भी चलाया जा सके। स्टेशन का डिजाइन भी कुछ इस तर्ज पर तैयार किया जाए।

पत्र के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा है कि नमो भारत ट्रेन के तहत डिपो को राजस्थान में तैयार किया जाना चाहिए। इसके लिए 70 हेक्टेयर जमीन राजस्थान सरकार से ली जानी चाहिए, क्योंकि भविष्य में नमो भारत ट्रेन को जयपुर या अलवर तक ले जाने की योजना



बन सकती है। इसलिए इसको ध्यान में रखना चाहिए। पत्र के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार, एनसीआरटीसी को डिपो तैयार करने के लिए 40 हेक्टेयर जमीन देने पर विचार करेगी। इसमें शर्त यह रहेगी कि जमीन हरियाणा सरकार के नाम पर रहेगी। बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर एनसीआरटीसी की तरफ से डिपो चलाया जाए। इसके ऊपर व्यावसायिक गतिविधियां हरियाणा सरकार की तरफ से की जाएंगी।

पत्र के अनुसार, हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम-फरीदाबाद और नोएडा को जोड़ने के लिए एनसीआरटीसी की तरफ से तैयार रूट को मंजूरी दी है। इसमें सिफारिश की गई है कि योजना के तहत नमो भारत ट्रेन का डिपो उत्तरप्रदेश में तैयार किया जाए।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने आरआरटीएस कॉरिडोर पर मेट्रो चलाने के प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मेरठ आरआरटीएस सिस्टम में उन इलाकों में मेट्रो चलाई जा रही हैं, जहां आबादी घनी है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि आरआरटीएस कॉरिडोर में मेट्रो चलाई जा रही है, क्योंकि इसके लिए अलग कॉरिडोर की जरूरत नहीं है। मेट्रो स्टेशन कम दूरी पर है। घनी आबादी वाले कॉरिडोर में एक ही कॉरिडोर पर मेट्रो चलाना संभव है।


## न एसी में रहेंगे, ना कार से चलेंगे; भीषण गर्मी में मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने फिर लिए 2 नए प्रण

**ग्वालियर, एजेंसी।**
मध्य प्रदेश की ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर हर बार अपने अलग अंदाज और अजीबो गरीब संकल्पों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इस बार भीषण गर्मी के बीच उन्होंने फिर से दो ऐसे संकल्प लिए हैं जो खूब चर्चा में हैं। मंत्री तोमर ने संकल्प लिया है कि वह पूरे जून के महीने एसी में नहीं सोएंगे और दूसरा अपनी लग्जरी गाड़ी छोड़ दोपहिया वाहन पर घूमेंगे। इसी कड़ी में वह रविवार रात अपने घर के बाहर टेंट लगाकर पंखे में सोए। इससे पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ भजन भी किया।

दरअसल, ऊर्जा मंत्री का कहना है कि एक एसी चलने से कई यूनिट बिजली जलती है और कार्बन डाईऑक्साइड बाहर निकलता है, जो हमारी प्रकृति और पर्यावरण के लिए अच्छा नहीं है। इसलिए वह घर के सामने खुले पार्क में पंखा लगाकर सोए। इसके साथ ही मंत्री जी ने दूसरा संकल्प यह लिया है कि वह अब एक महीनेभर टू-व्हीलर पर ही चलेंगे और लोगों से जनसंपर्क करेंगे।

**पहले ये संकल्प रहे चर्चा में:** आपको बता दें कि, इससे पहले मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर कई ऐसे संकल्प ले





चुके हैं जिन्होंने खूब सुर्खियां बटोरी और विपक्ष ने खूब उन्हें नौटंकीबाज भी बोला। इससे पहले उन्होंने शहर की सड़कों की खराब हालत को देखते हुए चप्पल पहननी छोड़ दी थी। हालांकि, सिंधिया ने खुद अपने हाथों से चप्पल पहनाकर यह प्रण तुड़वाया था। उसके बाद उन्होंने ऐलान किया कि लोग कार, बाइक से सब्जी मंडी जाते हैं, बेवजह पेट्रोल खर्च होता है इसलिए मैं खुद साइकिल से सब्जी मंडी जाऊंगा। उन्होंने एक संकल्प यह भी लिया था कि वह बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनेंगे, इससे बिजली की बचत होगी। इसके बाद अभी उन्होंने यह संकल्प लिया है कि जून के महीने में एसी वाले कमरे में नहीं सोएंगे। वहीं जून के महीने में बाइक से चलने का भी संकल्प लिया है। इसके अलावा उन्होंने यह भी संकल्प लिया है कि मटकी का पानी पीएंगे। हालांकि, इसमें कुछ शर्तें भी है। उन्होंने कहा है कि अगर किसी बड़े नेता मिलने जाना है या कोई बाहर कार्यक्रम है तो वह गाड़ी का उपयोग कर सकते हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर द्वारा ऐसे संकल्प लेने के पीछे की वजह और इनसे जनता को क्या फायदा होगा? इस बारे में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे लोग इन चीजों को समझ रहे हैं कि बिजली कैसे बचाई जा सकती है।

## सुकमा में दो हार्डकोर समेत 16 माओवादियों ने किया सरेंडर, 6 पर था 25 लाख का इनाम

**सुकमा, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई गई आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर सुकमा में पीएलजीए बटालियन के 2 हार्डकोर माओवादियों समेत 16 माओवादियों ने सरेंडर किया है। इनमें एक महिला और पुरुष माओवादी पर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके साथ ही 6 नक्सलियों पर कुल 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

सरेंडर करने वाले माओवादी छत्तीसगढ़ के कई जिलों में हुई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं। आत्म समर्पण नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर इन्होंने सरेंडर किया है। एसपी किरण चव्हाण, एएसपी उमेश गुप्ता और सीआरपीएफ व पुलिस अधिकारियों के सामने इन्होंने हथियार डाल दिए।



कोंडागांव- बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले के भोंगापाल में छठवीं शताब्दी के बौद्ध चैत्य गृह में आयोजित महोत्सव में रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह सम्मिलित हुए। बुद्ध जयंती पर भगवान गौतम बुद्ध की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि माओवाद के खात्मे के बाद बस्तर में शांति का स्थान भोंगापाल बनेगा। यहां बुद्ध शांति पार्क विकसित कर यहां प्राकृतिक चिकित्सा, अत्याधात्मिक साधना के साथ शोध कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

बोधगया से पधारे बौद्ध साधुवृन्द भंते अश्वजीत महाथेरा, भंते ज्ञानवंश थेरो, भंते शीलवंश थेरो, भंते प्रमोद एवं भंते डीन वियतनाम द्वारा बुद्धम शरणं गच्छामी मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना करवाया गया।

विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम ने कहा कि भोंगापाल को विकसित करने का प्रयास सरकार की ओर से शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आइजी सुंदरराज पी., कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार व बौद्ध धर्म के अनुयायी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भारत सरकार की गाइडलाइन का करें पालन : डॉक्टर स्नेही

### अफवाहों तथा भीड़भाड़ में भी जाने से बचे, मास्क का प्रयोग करे

**एनसीआर टुडे. स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनौर के अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही ने बताया कि वर्तमान में चल रहे कॉविड संक्रमण



के मद्देनजर, सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है। खासतौर पर बच्चे, बुजुर्गों को ओर कमजोर लोग वही साथ ही जिनको कोविड वैक्सीन नहीं लगी है वो सावधानी अवश्य बरते।

कोविड के लक्षण जैसे,बुखार,खांसी, सांस लेने में परेशानी, गले में खराश, शरीर में दर्द, थकान, ओर स्वाद या गंध में कमी लगने पर अपने डॉक्टर से अवश्य संपर्क करे।कल हमारे ब्लॉक स्योहारा के महमूदपुर उप केंद्र के गांव रतनपुरा में एक कोविड संक्रमित व्यक्ति की मृत्यु ऋषिकेश एम्स में इलाज के दौरान होने की सूचना जिले से प्राप्त हुई थी। इसके बाद जिले से आई टीम में डॉक्टर प्रतीक किशोर आर्य जिला पब्लिक हैल्थ विशेषज्ञ एवं डॉक्टर सैयद साकिर अली एपिडेमियोलॉजिस्ट बिजनौर की टीम द्वारा डेथ ऑडिट किया गया था। उसमें मौत का करण कोविड को मोर्बिडिटी के कारण हुआ डायबिटीज मेलिटस, शुगर का अत्याधिक बढ़ जाना और रीनल फैलियर , किडनी खराब होना मौत का कारण बताया गया है।

डॉक्टर स्नेही ने बताया कि इस संबंध में आज विभागीय मीटिंग लेकर ,सभी कर्मचारियों, एएनएम आशा, संगिनी आदि को निर्देश दे दिए गए हैं। वह संक्रमण के मद्देनजर प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखें और अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे करती रहे। साथ ही सीएचसी पर इसके संबंध में आवश्यक लॉजिस्टिक एन 95 मास्क, ट्रिपल लेयर मास्क, सैनिटाइजर आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दिए गए हैं।

सभी कर्मचारियों को भी मास्क पहनने के साथ कोविड गाइड लाइन का पालन करने को आदेशित कर दिया गया है। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन भी कड़ाई से कराया जाएगा। साथ ही भारत सरकार की गाइडलाइन का पालन भी कराया जाएगा। इस दौरान हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, डी ई ओ राशि,अनम और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## नासिक में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की तारीखों का ऐलान, सीएम फडणवीस बोले- तैयारी पूरी

**नासिक, एजेंसी।**
नासिक में आयोजित होने वाले अगले कुंभ मेले की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री देवेंन्द्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई एक मीटिंग के बाद अगले कुंभ मेले की तारीखों की घोषणा कर दी गई। सीएम फडणवीस ने बताया कि नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेरा 31 अक्तूबर 2026 को दोनों प्रमुख तीर्थों में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी में पहला अमृत स्नान 2 अगस्त 2027 को होगा।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में सभी 13 अखाड़ों के प्रमुख और दो-दो साधु-महंत मौजूद थे। बैठक के बाद किए गए अपने पोस्ट में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि इस भव्य समागम का इंतजाम ऐसा होगा कि पूरी दुनिया देखकर दंग रह जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक सिंहस्थ कुंभ मेले की शुरुआत 31 अक्तूबर 2026 को नासिक और त्र्यंबकेश्वर के रामकुंड में ध्वजारोहण के साथ होगी। इसके बाद 29 जुलाई 2027 को नासिक में नगर प्रदक्षिणा होगी। इसके बाद पहला अमृत स्नान 2 अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त, तीसरा और अंतिम स्नान



11 सितंबर को नासिक में और 12 सितंबर को त्र्यंबकेश्वर में होगा। 24 जुलाई 2028 को ध्वज उतार दिया जाएगा, जो कि 12 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा।

फडणवीस ने मीडियाकर्मियों से कहा, 4,000 करोड़ रुपये की लागत वाले कार्यों की टेंडर जारी किए जा चुके हैं। 2,000 करोड़ रुपये की लागत वाले अन्य कार्यों के टेंडर भी जल्द ही जारी किए जाएंगे। सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी), गोदावरी नदी की सफाई और साधुग्राम के लिए भूमि अधिग्रहण का काम भी प्रगति पर है।

भगदड़ जैसी स्थिति पैदा न होने देने को सुनिश्चित करने के लिए भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत स्नान की तिथियां घोषित कर दी गई हैं और चूंकि यह आयोजन लंबे समय तक चलेगा, इसलिए श्रद्धालुओं को केवल विशेष दिनों पर ही पहुंचने की जरूरत नहीं है।

फडणवीस ने कहा कि सरकार सिंहस्थ कुंभ मेले को यादगार बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बैठक के दौरान महंत राजेंद्रदास महाराज के इस सुझाव को भी स्वीकार कर लिया कि शाही स्नान को अमृत स्नान कहा जाना चाहिए, जैसा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हाल ही में संपन्न कुंभ मेले में किया गया था। फडणवीस ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि आगामी कुंभ मेला सुरक्षित, शुद्ध और पवित्र वातावरण में आयोजित हो।'' उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कुंभ की शोभायात्राओं का नेतृत्व अखाड़ों, साधुओं और महंतों द्वारा किया जाता है, जबकि राज्य सरकार की भूमिका सेवा प्रदान करना और सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बेहतर योजना के लिए साधुओं और महंतों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, 2015 के विपरीत, जब तैयारी के लिए बहुत कम समय था, इस बार पर्याप्त समय होने के कारण सरकार पूरी तैयारी करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

फडणवीस ने कहा कि गोदावरी नदी की पवित्रता और निरंतर प्रवाह को बनाए रखना कुंभ का प्राथमिक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सीवेज और अपशिष्ट जल के प्रबंधन के लिए परियोजनाओं पर काम जारी है।

# एनसीपी में फिर से एकता ! शरद पवार के पोते रोहित ने बढ़ा दिया सस्पेंस, कब होगा फैसला

**मुंबई, एजेंसी।**
क्या महाराष्ट्र के पवार परिवार में जारी पावर स्ट्रगल खत्म होगा और दोनों गुट एक हो जाएंगे? यह सवाल महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से पूछा जा रहा है। अब अजित पवार और शरद पवार गुट की एकता के कयास फिर से तेज हो गए हैं। इसकी वजह शरद पवार के पोते और उनके करीबी रहे जाने वाले रोहित पवार का एक बयान है। उनसे मीडिया ने पूछा कि अजित पवार की एनसीपी और शरद पवार की एनसीपी-एसपी के बीच विलय की क्या संभावना है। इस पर रोहित पवार ने इनकार नहीं किया बल्कि यह कहा कि सुप्रिया सुले ही इस बारे में आखिरी फैसला लेंगी।

उनकी तरफ से विलय को लेकर साफ इनकार न करना और पूरी बात तो सुप्रिया सुले पर छोड़ना मायने रखता है। अब तक रोहित पवार या फिर परिवार का कोई भी सदस्य एकता की बातों को सिरे से खारिज करता आ रहा था। अब यदि उन्होंने एकता की बात पर खुलकर जवाब नहीं दिया है तो इसके मायने निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि अंदरखाने



कुछ चल रहा है। ऐसे में रोहित पवार ने कुछ भी साफ जवाब नहीं दिया। एक कार्यक्रम में बोलते हुए रोहित पवार ने कहा कि साहब ने सुप्रिया सुले को यह जिम्मेदारी दी है। वही इस पर विदेश दौरे से लौटकर बात करेंगी।

फिलहाल सुप्रिया सुले ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया के कई देशों को जानकारी देने वाले डेलिगेशन के साथ गई हैं। सुप्रिया सुले 5 जून को वापस लौटेंगी और हम सभी उनके इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अजित पवार गुट के साथ विलय को लेकर हमारे विधायकों या कार्यकर्ताओं के बीच कोई बात नहीं हुई। सुप्रिया सुले ही लौटने के बाद कोई फैसला लेंगी। दरअसल माना जा रहा है कि शरद पवार भाजपा और एनसीपी की अजित पवार के साथ गठबंधन पर विचार कर रहे हैं। लेकिन अब भी संदेह कायम है। इसकी वजह है कि शरद पवार का राजनीतिक रूप से चौंकाने का इतिहास रहा है। रोहित पवार ने कहा कि शरद पवार जब कुछ कहते हैं तो उसके गहरे मायने होते हैं। कई बार वह जो कहते हैं, उससे उलट कुछ चल रहा होता है। उन्होंने कहा कि शरद पवार महाराष्ट्र की जनता के हित में जल्दी ही कोई फैसला लेंगे। बता दें कि अजित पवार गुट ने जब अलग होकर भाजपा के साथ गठबंधन किया तो शरद पवार गुट का यही कहना था कि ऐसा करना गलत है। इसलिए क्योंकि भाजपा के साथ उसके वैचारिक मतभेद हैं।

## तेलंगाना में प्रेम प्रसंग के शक में जोड़े को रस्सियों से बांधा

**सुल्तानाबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना के सुल्तानाबाद में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों ने एक महिला और एक युवक को अफेयर होने के शक में पकड़कर बंधक बना लिया। घटना के अनुसार, मोनिका नाम की महिला का भूपालपल्ली के स्वामी नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके बाद पुलिस को सौंपने से पहले लोगों ने आरोपी युवक का कथित तौर पर शुद्धिकरण भी किया।

जानकारी के अनुसार, फेसबुक के जरिए मोनिका और स्वामी का संपर्क हुआ था, जो धीरे-धीरे प्रेम प्रसंग में बदल गया। स्वामी पिछले तीन दिनों से मोनिका के घर पर रह रहा था, जिससे गांव के लोगों को शक हुआ। स्थानीय लोगों ने दोनों को रस्सी से बांधकर उनके रिश्ते के बारे में पूछताछ की। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। सड़क पर जोड़े को साथ में बांधकर रखा गया है। उनके चारों ओर लोग खड़े हैं। रस्सियों से बांधने के बाद बाद, युवक के शरीर को 'शुद्ध' करने के लिए एक रस्म भी पूरी की गई। इस प्रथा के तहत युवक को स्थानीय रीति-रिवाजों के अनुसार शुद्धिकरण किया गया। इसके बाद दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों से पूछताछ कर रही है।

## खेत में ट्रैक्टर घुसने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष चार लोग घायल

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷। हल्दौर।÷÷÷ खेत में ट्रैक्टर घुसने को लेकर क्षेत्र के गांव खासपुरा में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे एवं फावड़े चले। जिसमें दोनों पक्षों के चार लोग वीरभान पुत्रओमप्रकाश 50 वर्ष, संजीव पुत्र ओयमप्रकाश 42 वर्ष, काले पुत्र हरि सिंह 45 वर्ष, अवनीश पुत्र बिल्लू 30 वर्ष घायल हो गए। घायल उपचार के लिए सीएचसी हल्दौर ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पैजनियां चौकी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का मुआयना किया। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के खेत आसपास हैं। खेतों पर जाने के लिए राश्ता तंग है। जिससे एक पक्ष का युवक ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेतों मैं दवाई छिड़कने जा रहा था। असावधानीवश ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया दूसरे पक्ष के खेत में घुस गया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। थाना प्रभारी राजेश बैंसला ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रिशतेदारों को स्टेशन छोडने गया अधेड़ लापता,शव मिलने से मचा हडकम्प

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷। नगर में एक दिन पूर्व लापता व्यक्ति का शव मिलने से नगर में हड़कंप मच गया। मृतक राजेश उर्फ राजू जोशी पुत्र चमन लाल उम्र लगभग 52 वर्ष निवासी मोहल्ला जोशियां कस्बा झालू थे। वह बीती शाम अपने रिश्तेदारों को रेलवे स्टेशन झालू पर छोड़ने गया था। लेकिन जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस घटना ने नगर में शोक की लहर है। झालू पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पहुंचकर परिजन से बात की।मृतक के परिजनों ने कोई भी कार्रवाई करने के लिए मना कर दिया। घटना की जानकारी चौकी इंचार्ज सुभाष राणा ने अपने सीनियर अधिकारी को दे दी। मृतक के परिजन उसकी बॉडी घर ले गए।

## कुर्बानी के पशु बेचने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चार घायल

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। पशु बाजार में पशु बेचने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला निवासी अतीक पुत्र यासीन नहटौर के नया बाजार स्थित पशु बाजार में अपने परिजनों के साथ पशु बेचने आया था। वहीं मोहल्ला नेजे सराय निवासी लईक व खुर्शीद भी पशु बेच रहे थे। बताया जाता है कि दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी मारपीट में बदल गई। जिसमें दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें गांव ताहरपुर सैद निवासी अतीक पुत्र यासीन उम्र 50 वर्ष व फईम पुत्र जहीर उम्र 45 वर्ष घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष के फैसले पुत्र खुर्शीद व उजेफा पुत्र असलम घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दीं।

## त्रिलोक पुर में सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷। नगर के निकटवर्ती ग्राम त्रिलोकपुर मे सोमवार के दिन भागवत कथा का प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा निकाल गई भागवत कथा मां काली देवी के मंदिर प्रारंभ की गई। दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलेगी यह भागवत कथा 7 दिन चलेंगी।कथावाचक कुमारी किशोरी भावना जी के द्वारा प्रारंभ की गई भावनाजी ने श्रीमद् भागवत कथा में कहा की भागवत पापों का नाश कर सदाचार का आचरण करती है सदैव अच्छी संगत ग्रहण करनी चाहिए। कथा को सुनने से कल्याण होता कथा का श्रवण मां एवं चिंतन करने से कल्याण होता है। सत्यश्रेष्ठ होता है इस मौके पर प्रियंका चौधरी, गुड्डी, ओमवती देवी ,मुन्नी देवी संपत्ति देवी, सुमन देवी,बेबी शिवानी , रेखा, बबीता, राजो ,काजल चौधरी बबली देवी , निर्मला, रीत चौधरी, राजपाल सिंह चंद्रपाल सिंह नरेश कुमार रजत चौधरी गौतम चौधरी विनीत चौधरी मुन्नू आदि मौजूद रहे।

## ईद-उल-अज़हा और क़ुरबानी पर मौलाना वकील अहमद राशिदी का बयान

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷। मस्जिद यस शाह नगीना के इमाम और जमीअत उलेमा-ए-हिंद नगीना के नायब जनरल सेक्रेटरी मौलाना वकील अहमद राशिदी ने अपने बयान में क़ुरबानी की अहमियत पर रौशनी डाली। मौलाना ने कहा कि ईद-उल-अज़हा का त्योहार हमें हज़रत इब्राहीम अ़लैहिस्सलाम की उस बेमिसाल क़ुरबानी की याद दिलाता है, जब उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने प्यारे बेटे हज़रत इस्माईल अ़लैहिस्सलाम को क़ुरबान करने का इरादा किया। अल्लाह ने उनकी इस नीयत को क़बूल फरमाया और क़ुरबानी को इस्लाम का एक अहम हिस्सा बना दिया। मौलाना ने बताया कि क़ुरबानी एक इबादत है, जो सिर्फ जानवर ज़बह करने का नाम नहीं, बल्कि उसमें अल्लाह की रज़ा और बंदगी का जज़्बा होना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि क़ुरबानी करने वालों को चाहिए कि वह जानवरों के साथ नर्मी से पेश आएं और इस अमल को पूरी पाकीज़गी और एख़लास के साथ अंजाम दें। अंत में मौलाना ने लोगों से अपील की कि वह क़ुरबानी के ज़रिये जरूरतमंदों का भी ख्याल रखें, ताकि ईद की खुशियाँ सबके साथ तक़सीम की जा सकें।

## महावीर चौक से निकल गई तिरंगा यात्रा

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। नूरपुर रोड स्थित महावीर चौक से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके बाद एक निजी बैंक्वेट हॉल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्तओं ने कहा कि पाकिश्तान आतंकियों को प्रशिक्षण देकर विश्व में अशांति फैला रहा है। पहलगाम में पाकिश्तानी आतंकियों द्वारा कायराना तरीके से हमला कर 28 निर्दोष लोगों को मार दिया। हमारी सेना ने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिश्तान को मूंह तोड जवाब दिया। जिसके लिए हमारी सेना प्रशंसा की पात्र है। मुख्य अतिथि मेजर जनरल जावेद इकबाल, दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रोफसर गीता सिंह, प्रसिद्ध कवि गजेंद्र सोलंकी, सय्यद मिसाल मेहदी, मौलाना मजहर अली, जावेद आब्दी, रजिया जैदी, अहमद रजा समेज कई लोग उपस्थित रहे।

# हाइवे पर निर्माणाधीन पुल दस घंटे में हुआ धाराशाही

**निर्माण में घटिया सामग्री लगाने के लगे आरोप**

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷




मेरठ पौड़ी हाईवे 119 निर्माणाधीन पुल निर्माण के 10 घंटे बाद ही भर भरा कर गिर गया जिसमें को बड़ी घटना होते-होते बची।

मालूम हो कि मेरठ पौड़ी हाईवे का निर्माण तेजी से चल रहा है जिसमें रविवार को दिन में बैराज रोड पर माउन्ट लिट्रा स्कूल के पास पुल का लिंटर डाला गया था जो रात्रि में लगभग 10:00 बजे ही गिर गया इसमें किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है सूचना पर एसडीएम सदर बिजनौर ने मौके का निरीक्षण किया है।

उन्होंने बताया कि निर्माण कम्पनी के अधिकारी बता रहे हैं कि तकनिकी गड़बड़ी के कारण ये घटना हुई है पर इस की जांच कराई जाएगी। पीडब्ल्यूडी इन्जिनियर की देखरेख में मसाले का सैम्पल लेकर जांच को भेजा जायेगा।

इस घटना को लेकर भाकियू अराजनीतिक के युवा विंग के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने इस घटना के लिए मोटे कमीशनखोरी को जिम्मेदार ठहराया तथा जांच की मांग की है।

मालूम हो कि अभी कुछ दिन पहले ही इसी हाइवे के निर्माणाधीन पुल कोतवाली नगीना रोड पर भी गिर चुका है जिसकी जांच करायें जाने के नाम पर खानापूर्ति कर दी गई है। किसानों से लेकर आम नागरिक द्वारा हाइवे निर्माण में घटिया सामग्री लगाने के आरोप लगाये जा रहें है।



## बैंक मैनेजर को पंचायत ने दी सुधारने की चेतावनी

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) की क्षेत्रीय इकाई की मासिक बैठक में किसानों एवं मजदूरों की क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा के साथ संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि यदि क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण समय से नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत) संबंधित अधिकारियों के खिलाफ धरना एवं प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।

मासिक बैठक में पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा के नवागत मैनेजर द्वारा बैंक ग्राहको से की जा रही अभद्रता एवं हठधर्मिता की शिकायत पर बैंक मैनेजर को बैठक स्थल पर बुलाकर अपना व्यवहार सुधारने तथा किसानों,मजदूरो एवं बैंक ग्राहको के बैंक कार्यों के लिए सुविधा शुल्क लिए बिना समय से निश्तारण करने की चेतावनी दी गई। मासिक बैठक में तहसील बिजनौर द्वारा नई आबादी में मकानो एवं दुकानों की घरौनी तत्काल प्रभाव से बनाने, बहुउद्देश्य सहकारी समितियों द्वारा किसानों से तीन प्रतिशत के बजाय साथ प्रतिशत ब्याज ना लेने, ग्राम बरुकी क्षेत्र में छुट्टा एवं आवारा पशुओं को पकड़वाने, विद्युत विभाग द्वारा बिजली मीटरों से प्रतिमाह बिल निकलवाने, पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरुकी बस स्टैंड के दोनो ओर के पहुंच मार्गो को पक्का कराने, आदी की मांग की गई।

## मंडावर गंगा खादर क्षेत्र में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी





✷ एनसीआर टुडे. मंडावर ✷

सोमवार सुबह मंडावर क्षेत्र के मीरापुर खादर के सामने गंगा नदी के किनारे एक अज्ञात शव गली-सड़ी हालत में मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 7:30 बजे एक स्थानीय किसान ने गंगा पार जाते समय शव को देखा और इसकी सूचना हमारे संवाददाता को दी। संवाददाता ने तत्काल मंडावर थाना प्रभारी को सूचित किया।

सूचना मिलते ही मंडावर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरा। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राकेश वशिष्ठ भी घटनास्थल पर पहुंचे। जांच को गहराई से आगे बढ़ाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। जिसने मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिजनौर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है, और उसकी हालत के कारण पहचान में कठिनाई हो रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और आसपास के क्षेत्रों में शव की पहचान के लिए पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमॉर्टम के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी के पास शव की पहचान या घटना से संबंधित कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत मंडावर पुलिस को संपर्क करें।

## एस.डी.एम. - सी.ओ. नजीबाबाद की मौजूदगी में हुई शांति समिति की बैठक



✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

थाना परिसर में ईद उल अज़्हा के मद्देनज़र एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम विजय शंकर ने कहा की क़ुरबानी खुले में न करे। जानवरो के अवशेष को नगर पालिका के वाहनों में ही डाले। सीओ नितेश प्रताप ने कहा की कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित पशुओ की क़ुरबानी न करें।

जानवरो के अवशेष खुले में न डाले। बैठक में चेयरमैन इंजिनियर मुआज्जम ने कहा की नगर पालिका की ओर से नगर में साफ सफाई और 24 घंटे जल आपूर्ति जायेगी। वही चेयरमैन जलालाबाद याक़ूब राईन ने कहा की क़स्बा जलालाबाद में सभी सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए गए है की वह साफ सफाई करेंगे। सभी जानवरो के अवशेष को मिट्टी में दबाने का कार्य करेंगे। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी ने बैठक में आये सभी लोगो का आभार व्यक्त किया।

बैठक में इंस्पेक्टर क्राइम, डॉ आफताब नोमानी, जितेंद्र जैन, कसीम एडवोकेट, महबूब मलिक, अज़ीम अहमद, राकेश जुनेज़ा, नासिर कुरैशी, प्रधान प्रदीप कुमार, डॉ राजीव अरोड़ा, सरफ़राज़ अंसारी, इरशाद अहमद सभासद, मौलाना रईस, मौलाना नावाजिस और पत्रकार साथी सहित क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिक मौजूद रहे।

**ईद 24 घंटे विधुत सप्लाई अधिशासी.....अभियंता से मिले साहनपुर चेयरमैन**

आगामी ईद उल अज़्हा के त्यौहार पर विधुत सप्लाई सुचारू रूप से करने के लिए अधिशासी अभियंता से मिले साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी।

नजीबाबाद में आज़ाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी व नगर पंचायत साहनपुर के विकास पुरुष चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने ईद उल अजहा के त्यौहार पर तीन दिन तक 24 घंटे विधुत सप्लाई हो जिससे त्यौहार पर कोई असुविधा न हो।

चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खंड नजीबाबाद से मिले और एक मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में आगामी ईद उल अजहा के त्यौहार पर विधुत सप्लाई को बेहतर करते हुए तीन दिन तक 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देने का आग्रह किया।

वही अधिशासी अभियंता नजीबाबाद ने मांग पत्र लेकर ईद उल अजहा के मौके पर विधुत व्यवस्था सुचारु रूप से करने का आश्वासन दिया।

# राजस्व, पुलिस और खनन विभाग को किसी अनहोनी की इंतजार

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर/धामपुर ✷



- मिट्टी के अवैध खनन को रात्रि में रोकने में प्रशासन हुआ फेल..!
- एक सप्ताह पहले खनन ठेकेदारों में आपस में रात्रि के समय फायरिंग करने का आरोप

राजस्व, पुलिस एव खनन विभाग के अधिकारी थाना धामपुर क्षेत्र में हो रहे मिट्टी खनन के अवैध कारोबार को रोकने में फेल हो गया है। यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है।

सूत्रों का कहना है कि मिट्टी खनन ठेकेदारों द्वारा ट्रेक्टर ट्रालियो से रात्रि में धामपुर नगर और नगर से सटे हुए गांवों में खो नदी और किसानों से खेत की मिट्टी बिना परमिशन ली गई ।उसको रात्रि में जेसीबी और लोडर तथा लेबरों से रात्रि में ट्रेक्टर ट्रालियों द्वारा खुलेआम हाइवे पर और धामपुर की दुर्गा बिहार कालोनी, रामलीला मैदान, आरएसएम तिराहा सुहागपुर नहटौर रोड, नूरपुर रोड आदि स्थानों से रात्रि में मिट्टी और खो के रेत से रात्रि के 11 बजे और 1 बजे से मार्गो पर दौड़ते हुए अवैध मिट्टी खनन से भरे हुए ट्रेक्टर ट्राली दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व रात्रि में मिट्टी खनन ठेकेदारों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई होगी। कहा सूनी ऐसी हुई कि एक मिट्टी खनन ठेकेदार ने अपनी कार में से ही रात्रि में फायरिंग कर दी और अफरातफरी मच गई।

सूत्र का यह भी कहना है कि शायद इसकी भनक पुलिस को नही लगी है या फिर ये सेटिंग करके रात्रि में मिट्टी खनन ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा कर रहे हैं। सूत्र का यह भी कहना है कि एक सप्ताह पहले की रात्रि में फायरिंग की जो घटना बताई जा रही है।

वह नगीना - काशीपुर हाईवे से जैसे ही तिराहे से धामपुर में को प्रवेश करते हैं। वहा दुर्गा बिहार कालोनी के आसपास की बताई जा रही है। यदि पुलिस इस छानबीन में लग गई तो उन फायरिंग करने वालों का शीघ्र पर्दाफाश हो जायेगा।

उधर मीडिया द्वारा तो अखबार के माध्यम से रात्रि में हो रहे अवैध रूप से मिट्टी खनन की खबरों को प्राथमिकता से प्रकाशित किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय राजस्व प्रशासन और पुलिस प्रशासन एवं खनन प्रशासन कुंभकर्ण की नींद सो रहा है । मीडिया जगाने में लगी और प्रशासन सोने में मश्त हैं। लगता है कि उपरोक्त प्रशासन रात्रि में हो रहे अवैध मिट्टी खनन ठेकेदारों में कोई अनहोनी



की खबर की इंतजार कर रहा हों..! अ ब देखना है कि जि ला प्रशासन और त ह सी ल प्रशासन और पुलिस प्रशासन जागेगा या अनदेखी करता रहेगा। अवैध मिट्टी खनन ठेकेदारों की!

उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चौहान से जब उपरोक्त घटना के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने ऐसी घटना से साफ इंकार किया।

## ईद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷



आगामी त्योहारों ईद उल अजहा को लेकर थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें गोष्टी की अध्यक्षता सीओं राजेश सोलंकी ने की व संचालन सलीम अंसारी ने किया।

बैठक में तमाम गणमान्य व्यक्तियों ने विश्तार से आगामी त्यौहार को लेकर विश्तार पूर्वक चर्चा की, बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व्यापारी, समाजसेवी, धर्मगुरु, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, सभासद मौजूद रहे बैठक में सीओ व नायब तहसीलदार विवेक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा बकरा ईद का पर्व आपसी सोहार्द और भाईचारे का प्रतीक है।

सभी लोग पर्व को शांति और सहयोग के साथ मनाएं उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा की कुर्बानी खुले स्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी नहीं की जाए इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती है और वातावरण भी प्रभावित होता है।

कुर्बानी के बाद उत्पन अवशेष को नगर पालिका द्वारा खुदवाए गए गड्ढों में ही अवशेष को डाला जाए उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा यदि किसी भी व्यक्ति ने शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश की तो उन लोगों के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा बकरा ईद के पर्व पर कोई भी किसी तरह की अफवाह न फैलाएं अफवाह फैलाने वालों के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सीओ राजेश सोलंकी ने कहा कुर्बानी के अवशेष खुले में न डालें वरना कानूनी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कोई भी नई परंपरा नहीं की जाएगी वहीं थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने कहा ईद ईदुल अजहा को सभी लोग प्रेम के साथ मनाएं एक दूसरे का ख्याल रखकर ईद के पर्व को मनाएं किसी के प्रति उल्टी सीधी बात नहीं करें खुले में कुर्बानी न करें।

उन्होंने कहा अशांति फैलाने वालों के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी वही नगर पालिका के चेयरपर्सन पति जावेद विकार व पूर्व विधायक शेख सुलेमान, सलीम अंसारी ने कहा कोई भी व्यक्ति खुले में कुर्बानी नहीं करें, जावेद विकार ने कहा पानी की व्यवस्था तीनों दिन लगातार दी जाएगी।

साफ सफाई पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाएगा नगर पालिका की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा बैठक में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, मौलाना मुख्तार, पंडित ज़खमोल्ला, चेयर पर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष नफीस कुरेशी, पूर्व चेयर पर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, एसआई श्रीपाल सिंह सिंह, शेर सिंह, यश पाल सिंह, कस्बा इंचार्ज परवीन कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा मुकेश, मनोज बिश्नोई,आमोद, कांस्टेबल विशाल, कांस्टेबल रजनीश, कांस्टेबल कलीम अहमद, सभासद दिलशाद, सभासद इमरोज़, सभासद पुत्र इरफान अहमद, वेलफेयर प्रेस क्लब अध्यक्ष विनय भार्गव, सुनील नारायण,अब्दुल बारी,शुऐब कुरैशी, सभासद कलवा कुरैशी, पूर्व सभासद अफजाल अंसारी, सभासद कादिर, सभासद इमरोज़, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद हाशिम, व स्टाफ नगर पालिका, स्टाफ अफजलगढ़ थाना, विद्युत विभाग से मोहम्मद अकबर आदि बैठक में मौजूद रहे।

## नगीना थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

थाना नगीना के प्रांगण में ईद उल अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम नगीना आशुतोष जैसवाल और सीओ नगीना अंजनी कुमार ने त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए लोगो से कहा।

बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं और प्रमुख नागरिकों व नगर पालिका से ईओ नगर पालिका परिषद नगीना संदीप सक्सेना,चेयर पर्सन नगीना ताहिरा बेगम के छोटे बेटे सिराज खलील सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा तथा शहर कीअनेक जिम्मेदार नागरिकों ने व ग्रामीण क्षेत्र से आए प्रधानों ने तथा सभासद अधिकारियों ने कुर्बानी को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। खुले में कुर्बानी न करने, सड़कों पर अवशेष न डालने और कुर्बानी की फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करने की सलाह दी गई।

सी ओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मुस्लिम समाज से अपील की कि वे त्योहार मनाते समय अन्य धर्म के लोगों का भी ध्यान रखें। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। त्योहार पर किसी भी शरारती तत्वों ने उत्पाद मचाने की कोशिश की तो उसको बक्सा नहीं जाएगा पुलिस प्रशासन हर स्थिति से निमटने के लिए तैयार है

थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने कहा कि सभी समाज के लोग गंगा-जमुनी तहजीब के साथ त्योहार मनाएं। बैठक में एसडीएम आशुतोष जैसवाल नगीना, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह कस्बा इंचार्ज सहित समश्त स्टाफ उपस्थित रहा। नगर और क्षेत्र के हिंदू-मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में मीटिंग में शामिल हुए।

# एकजुट होकर बड़ी से बड़ी लड़ाई भी जीती जा सकती है : महामंत्री

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

नगर में ई-रिक्शा मजदूर यूनियन झालू की बैठक आयोजित हुई। इसमें चालकों को बिजनौर में प्रवेश ना करने देने व हाईवे पर ई रिक्शा चलाने से रोकने को लेकर निंदा की गई।

साथ ही इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता करने पर विचार विमर्श किया गया। नगर के मोहल्ला क़ानून गोयान स्थित यूनियन अध्यक्ष के आवास पर सोमवार की प्रातः 10:15 बजे ई रिक्शा मजदूर यूनियन झालू की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें ई रिक्शा चालकों ने बिजनौर शहर में रिक्शा के प्रवेश को वर्जित करने एवं हाईवे पर रिक्शा चलाने से रोकने पर पाबंदी लगाए जाने को पूरी तरीके से गलत ठहराया। यूनियन संरक्षक व भाजपा नेता सुरेश वर्मा ने कहा कि रिक्शा चालकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनके हकों की लड़ाई को मजबूती से लड़ा जाएगा।

यूनियन अध्यक्ष नदीम अहमद आजाद ने सभी ई रिक्शा चालकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने



जरूरी दश्तावेज पूरे कराकर रखे। साथ ही क्षेत्र में चल रही आई-रिक्शाओं की सूची पुलिस प्रशासन को सौंप दे। जहां तक ई रिक्शा चालको को हाईवे पर रोकने का सवाल है। इसके लिए आला अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। महामंत्री शोएब अख्तर ने कहा कि एकजुट होकर बड़ी से बड़ी लड़ाई भी जीती जा सकती है। इसलिए समय-समय पर यूनियन को एकजुट होकर ताकत का एहसास कराना होगा।

नदीम अहमद आजाद की अध्यक्षता एवं यूनियन महामंत्री शोएब अख्तर के संचालन में आयोजित बैठक में यूनियन उपाध्यक्ष मोहम्मद अरशद उर्फ बबलू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद बिलाल, अनीस अहमद, सुल्तान फैयाजुद्दीन मोहसिन इकबाल बाबू खान नफीस अहमद हसीनुद्दीन शाहनवाज फरियाद आकाश कुमार सलीम अहमद इंतजार अहमद महबूब मोहम्मद नाजिम मोहम्मद अनीस पतराम सिंह मोहम्मद फुरकान जुल्फिकार इशरत जहीर अहमद मोहम्मद जावेद फरमान हारून इरशाद सलीम इरशाद विकास, गफ्फार व रफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# कोरोना की फिर बढ़ी रफ्तार, हो जाएं होशियार

कोरोना की रफ्तार फिर पहले सरीखे गति पकड़ रही है। देश-दुनिया में चिंता है। भारत में हर दिन नई-नई आती सूचनाएं डरा रही हैं। उंगलियों पर गिने जाने वाले आंकड़े हफ्ते भर में ही हजारों में पहुंच गए। मरने वालों की संख्या में भी हो रही वृध्दि अलग डराती है। कहां 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। इस रविवार सुबह तक यह आंकड़े 3395 पार गए हैं। मरने वालों की संख्या भी हर रोज बढ़ रही है। सबसे ज्यादा केरल में 1336 सक्रिय मामले हैं। वहीं इससे होने वाली मौतों की शुरुआत भी हो चुकी है जो अभी बहुत ही कम है। लेकिन एक दिन में 685 मामले दर्ज होना, बड़ा इशारा है। महाराष्ट्र में 467 दिल्ली में 375 गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 मामले आए हैं।

हांगकांग और सिंगापुर में यह बहुत तेजी से फैलते कोरोना ने भारत में जिस तरह पैर पसारा वो चिंतनीय है। इसके नए वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है जो पहली बार अगश्त 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे दिसंबर 2023 में ही 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर साफ किया था कि यह ओमीक्रॉन बी.ए.2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एल.एफ.7 और एन.बी.1.8 की संख्या ज्यादा थी। कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में कुछ ज्यादा ही असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़ने के बाद अब भारत में रफ्तार पकड़ रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका कारण लोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावनाओं से इंकार नहीं है।

इतना तो लगने लगा है कि सप्ताह भर में ही बढ़े संक्रमण के मामलों में जो उछाल आया है वो चिंताजनक है। चीन से भी छन-छन कर जो निकल रहा है उससे इतना तो पता चल गया कि वहां भी बीते एक महीने में कोरोना के मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन दुनिया को कोरोना देकर भी छुपाने और तबाही की कगार पर पहुंचाने के बाद चीन से जितने सच सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा।

इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वो ज्यादा हैं जो या तो कोमर्बिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं। इसमें प्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियाँ होती हैं जिसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोर्बिटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं। लेकिन प्रभावित हर आयु वर्ग के लोग हो रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वालों बुजुर्गों, कोमोर्बिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है।

केरल के बाद महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में भी कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। उधर अब हॉन्गकॉन्ग के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ का वो बयान सामने है जिसमें उन्होंने माना कि कोरोना वायरस के मामले वहां तेजी से बढ़ रहे हैं। सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने की संख्या अभी साल के महज पाँचवें महीने में ही उच्च श्तर पर पहुंच गई थी। जबकि चीन में श्वांस संबंधी बीमारियों की जांच करवाने वाले मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दो गुने होना चिंताजनक है। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। साथ ही चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज भी हो सकती है। चीन, थाईलैंड और हांगकांग में वहां की सरकारें अलर्ट पर हैं।

साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक यानी डीजीएचएस ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञों के साथ बैठकें कर चुके हैं। देश की बड़ी आबादी के दृष्टिगत बढ़ती संख्या कहीं न कहीं चिंता बढ़ाने वाली है। अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से निगरानी रख सतर्क और सक्रिय होकर सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए जाएं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरीके से तैयार है। स्वास्थ्य मंत्रालय पूरी तरीके से सतर्कता के साथ हर परिस्थिति पर नजर रख रहा है। हां, देश भर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि सतर्क रहें, सतर्क करें। ऑक्सीजन और वैक्सीन के इंतजाम पर्याप्त रखे जाएं। ईश्वर करे कि वो स्थिति न आए जिसे हमने देखा, भोगा है। लेकिन पुराने कड़ने अनुभव, काली यादें और कोरोना के कुछ साल का दौर कितना भयावह था, याद कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। याद कीजिए कैसे उंगलियों पर गिनने लायक कोरोना के मामले पहले दर्जन से सैकड़ा, फिर हजार और उसके बाद लाखों में पहुंचे। अच्छा हो इस बार इससे शुरू में ही निपट लिया जाए जिसका तरीका हमें अब पता है। यकीनन एक बार फिर वो दौर आ गया है जब 2019-20 जैसे अहतियात और मास्क की जरूरत आन पड़ी है। <

अच्छा हो कि अभी से सचेत हो जाएं। इस बार ज्यादा चिंता की जरूरत वैसी नहीं है जैसी पिछले बार थी। चूंकि हमने कोरोना से बचना, लड़ना और निपटना सीख लिया है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हम लापरवाह हो जाएं। इस बार भी इस वायरस को चुनौती देने के लिए फिर पुरानी और एक तरह से अब परंपरागत कही गतिविधियों यानी मास्क, दो गज की दूरी, हाथ धोने जैसे तरीकों को अपनाना होगा। इस सच्चाई को मानकर चलना होगा कि अब हमें अगले कुछ वर्षों तक कोरोना के साथ ही जीना होगा इसलिए इससे निपटना भी उनता ही जरूरी होगा। बस तो जरूरत है कि सतर्क रहें। जरा से संदेह पर चिकित्सकीय परामर्श में कोताही न करें और फिर पनप रहे कोरोना के बहुरूपिया वायरस को चुनौती दें।

# बिहार चुनाव का रोडमैप राम की रीति भारत की नीति

कुमार कृष्णन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दोदिवसीय बिहार दौरा विधानसभा चुनावी वर्ष में हुआ है। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान दूसरे दिन बिक्रमगंज का दौरा किया। बिक्रमगंज शाहाबाद में पड़ता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि पूरे शाहाबाद में 2024 लोकसभा और 2020 विधानसभा चुनाव में राजग का प्रदर्शन काफी खराब रहा। शाहाबाद में 20 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यह देखना दिलचस्प है कि क्या विकास की घोषणाओं और परियोजनाओं की बरसात के बाद भी प्रधानमंत्री के दौरे से एनडीए को शाहाबाद में कितनी संजीवनी मिली?यह तो साफ हो गया है कि बिहार में भी एनडीए राम, पहलगाम और आपरेशन सिंदूर और जंगलराज को मुद्दा बनाएगी।

रोहतास जिले में तीन लोकसभा क्षेत्र है बक्सर, सासाराम, काराकाट। तीनों लोकसभा सीटों पर 2024 लोकसभा चुनाव में महागठबंधन का कब्जा रहा है।

बक्सर से राजद के सुधाकर सिंह सांसद हैं तो सासाराम से कांग्रेस के मनोज कुमार और काराकाट से सीपीआईएमएल के राजा राम सिंह सांसद हैं।रोहतास जिले में सात विधानसभा क्षेत्र हैं, काराकाट, डेहरी, नोखा, दिनारा, करगहर, सासाराम और चेनारी. सातों विधानसभा सीटों पर साल 2020 में महागठबंधन का कब्जा रहा है।काराकाट से सीपीआई एमएल के अरुण सिंह विधायक हैं तो डेहरी से राजद के फतेह बहादुर कुशवाहा, नोखा से राजद की अनीता देवी और दिनारा से राजद के विजय कुमार मंडल विधायक हैं।वहीं करगहर से कांग्रेस के संतोष कुमार मिश्रा, सासाराम से राजद के राजेश कुमार गुप्ता, चेनारी से कांग्रेस के मुरारी प्रसाद गौतम विधायक हैं पर अब वह भाजपा के साथ हैं।

बिक्रमगंज रैली से प्रधानमंत्री मोदी ने शाहाबाद क्षेत्र की 22 विधानसभा सीटों को साधा। इस सभा में कैमूर, रोहतास, बक्सर और भोजपुर जिले से बड़ी संख्या में लोग आए। इन चारों जिलों (शाहाबाद) में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बीजेपी एवं एनडीए को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस क्षेत्र में खूंटा गाड़ने के लिहाज से यह दौरा महत्वपूर्ण रहा। इस क्षेत्र में सड़क अवसंरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने एनएच-119ए के पटना-आरा-सासाराम खंड को चार लेन का बनाने, वाराणसी-रांची-कोलकाता राजमार्ग (एनएच-319बी) और रामनगर-कच्ची दरगाह खंड (एनएच-119डी) को छह लेन का बनाने और बक्सर और भरौली के बीच एक नए गंगा पुल के निर्माण सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी। ये परियोजनाएं राज्य में निर्बाध हाई-स्पीड कॉरिडोर बनाने के साथ-साथ व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देंगी। उन्होंने एनएच-22 के पटना-गया-डोभी खंड को चार लेन का बनाने का भी उद्घाटन किया, जिसकी लागत लगभग 5,520 करोड़ रुपये है और एनएच-27 पर गोपालगंज टाउन में एलिवेटेड हाईवे को चार लेन का बनाने और ग्रेड सुधार का भी उद्घाटन किया।

देश भर में रेल अवसंरचना में सुधार लाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री ने अन्य परियोजनाओं के अतिरिक्त 1330 करोड़ रुपये की लागत वाली सोन नगर-मोहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की।क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री ने औरंगाबाद जिले में 29,930 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण-II (3x800 मेगावाट) की आधारशिला रखी, जिसका उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र में किफायती बिजली उपलब्ध होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के काराकाट में 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें इस पवित्र भूमि पर बिहार के विकास को गति देने का सौभाग्य मिला है और उन्होंने 48,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देने के लिए आए विशाल जनसमूह का आभार व्यक्त किया और बिहार के प्रति उनके स्नेह और प्रेम के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और जोर देकर कहा कि वे हमेशा उनके समर्थन को सर्वोच्च सम्मान देते हैं। उन्होंने बिहार की माताओं और बहनों के प्रति असीम सम्मान व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने सासाराम के महत्व पर टिप्पणी करते हुए भगवान राम की विरासत का स्मरण कराया। मोदी ने भगवान राम की वंशावली की गहरी जड़ों वाली परंपराओं पर प्रकाश डाला, तथा अटूट प्रतिबद्धता के सिद्धांत – एक बार जो वादा किया जाता है, उसे पूरा किया जाना चाहिए- को रेखांकित किया। भगवान राम और उनके कुल की रीति क्या थी, प्राण जाए पर वचन न जाई। यानी, जो वचन एक बार दे दिया, वो पूरा होकर के ही रहता है। प्रभु श्रीराम की ये रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। यह मार्गदर्शक तत्व अब न्यू इंडिया की नीति बन गया है। मोदी ने पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले को याद किया, जिसमें कई निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि जघन्य हमले के ठीक एक दिन बाद, उन्होंने बिहार का दौरा किया था तथा राष्ट्र के समक्ष यह पवित्र संकल्प किया था कि आतंक के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें ऐसी सजा मिलेगी, जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि आज, जब मैं एक बार फिर से बिहार में आया हूं, तो उस प्रतिज्ञा को पूरा कर चुका हूं। श्री मोदी ने कहा, "जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया।" उन्होंने कहा, भारत की बेटियों के सिंदूर की शक्ति क्या होती है, यह पाकिस्तान ने भी देखी और दुनिया ने भी देखी। उन्होंने कहा कि जो आतंकवादी कभी पाकिस्तानी सेना के संरक्षण में खुद को सुरक्षित महसूस करते थे, उन्हें भारत की सेना ने एक ही निर्णायक कार्रवाई में घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान के एयरबेस और सैन्य प्रतिष्ठान मिनटों में नष्ट कर दिए गए। उन्होंने कहा, यह नया भारत है - अपार शक्ति और गतिशीलता वाला भारत।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बिहार वीर कुंवर सिंह की भूमि है, जो अपनी वीरता के लिए जानी जाती है। उन्होंने देश की रक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सेवा देने वाले बिहार के हजारों युवाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ द्वारा दिखाए गए असाधारण पराक्रम और अदम्य साहस पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया ने उनकी अद्वितीय बहादुरी देखी है।

प्रधानमंत्री ने पुष्टि की कि भारत की सीमाओं पर तैनात बीएसएफ के जवान सुरक्षा की अटूट ढाल हैं, जिनका सबसे पहला कर्तव्य भारत माता की रक्षा करना है। उन्होंने बिहार के वीर सपूत के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए सीमा पर अपना कर्तव्य निभाते हुए 10 मई को शहीद हुए बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर श्री इम्तियाज को भी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने बिहार से अपने वक्तव्य को दोहराते हुए रेखांकित किया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत द्वारा प्रदर्शित शक्ति उसके तरकश का मात्र एक तीर थी।

श्री मोदी ने कहा, भारत की लड़ाई देश के हर दुश्मन के खिलाफ है, चाहे वे सीमा पार से हों या देश के अंदर। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बिहार ने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में हिंसक और विघटनकारी ताकतों का सफाया कैसे किया गया है। उन्होंने सासाराम, कैमूर और आसपास के जिलों की पिछली स्थितियों को याद करते हुए इस बात पर जोर दिया कि कैसे एक समय नक्सलवाद इस क्षेत्र पर हावी था और बंदूकों से लैस नकाबपोश आतंकवादियों का डर लोगों के लिए लगातार खतरा बना रहता था। "

श्री मोदी ने कहा कि सरकारी योजनाओं की घोषणा तो की जाती थी, लेकिन वे अक्सर नक्सल प्रभावित गांवों में लोगों तक नहीं पहुंच पाती थी, जहां न तो अस्पताल हैं और न ही मोबाइल टावर। यहां तक कि स्कूल भी जला दिए जाते थे। सड़क निर्माण श्रमिकों को अक्सर निशाना बनाया जाता था और उनकी हत्या कर दी जाती थी।

श्री मोदी ने कहा कि इन तत्वों को बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान में कोई विश्वास नहीं है। उन्होंने सराहना की कि इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, नीतीश कुमार ने विकास की दिशा में काम किया, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2014 के बाद से इस दिशा में प्रयासों में काफी तेजी आई है।

श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि माओवादियों को उनके कृत्यों के लिए न्याय के कटघरे में लाया गया और युवाओं को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के प्रयास किए गए।



उन्होंने कहा कि 11 वर्षों के दृढ़ प्रयासों के परिणाम अब दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत में 125 से अधिक जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे, लेकिन आज केवल 18 जिले ही प्रभावित हैं। श्री मोदी ने कहा, हमारी सरकार न केवल सड़कें बल्कि रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है, वह दिन दूर नहीं जब माओवादी हिंसा पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी, गांवों में निर्बाध शांति, सुरक्षा, शिक्षा और विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई न तो रुकी है और न ही धीमी हुई है। उन्होंने कहा, अगर आतंकवाद फिर से अपना सिर उठाता है, तो भारत उसे उसके छिपने के स्थान से बाहर निकालेगा और निर्णायक रूप से कुचल देगा।

इस बात पर जोर देते हुए कि सुरक्षा और शांति विकास के नए राश्ते खोलती है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में जंगल राज सरकार के जाने के बाद बिहार समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि टूटी हुई सड़कें, खश्ताहाल रेलवे और सीमित उड़ान कनेक्टिविटी के दिन अब अतीत की बात हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में कभी केवल एक हवाई अड्डा था – पटना हवाई अड्डा - लेकिन आज, दरभंगा हवाई अड्डा कार्यशील है, जो दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों के लिए सीधी उड़ानें प्रदान करता है, प्रधानमंत्री ने पटना हवाई अड्डे के टर्मिनल के आधुनिकीकरण के लिए बिहार के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार किया और पुष्टि की कि यह मांग अब पूरी हो गई है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कल शाम उन्हें पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला, जो अब एक करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहटा हवाई अड्डे में 1,400 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।

बिहार में चार लेन और छह लेन की सड़कों के व्यापक विकास पर प्रकाश डालते हुए, श्री मोदी ने पटना से बक्सर, गया से डोभी और पटना से बोधगया को जोड़ने वाले राजमार्गों सहित प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी से प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भी उल्लेख किया, जहां काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने गंगा, सोन, गंडक और कोसी जैसी प्रमुख नदियों पर नए पुलों के निर्माण की जानकारी दी और बिहार के लिए नए अवसरों और संभावनाओं को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं हजारों युवाओं के लिए रोजगार सृजित कर रही हैं और क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार दोनों को बढ़ावा दे रही हैं।

बिहार के रेलवे बुनियादी ढांचे में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने बिहार में विश्वश्तरीय वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत और रेलवे लाइनों के दोहरीकरण और तिहरेकरण की चल रही प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छपरा, मुजफ्फरपुर और कटिहार जैसे क्षेत्रों में में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि सोन नगर और अंडाल के बीच मल्टी-ट्रैकिंग का काम चल रहा है, जिससे ट्रेनों की आवाजाही में काफी सुधार होगा। श्री मोदी ने यह भी घोषणा की कि अब सासाराम में 100 से अधिक ट्रेनें रुकती हैं, जो इस क्षेत्र की बढ़ती कनेक्टिविटी को दर्शाता है। उन्होंने पुष्टि की कि लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है, साथ ही रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ये विकास पहले भी क्रियान्वित किए जा सकते थे, लेकिन बिहार की रेलवे प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए जिम्मेदार लोगों ने निजी लाभ के लिए भर्ती प्रक्रियाओं का फायदा उठाया और लोगों को उनके सही अवसरों से वंचित किया। उन्होंने बिहार के लोगों से उन लोगों के धोखे और झूठे वादों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया, जिन्होंने पहले जंगल राज के तहत शासन किया था। यह रेखांकित करते हुए कि बिजली के बिना विकास अधूरा है, उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रगति और जीवन की सुगमता विश्वसनीय बिजली आपूर्ति पर निर्भर करती है, प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार ने पिछले कुछ वर्षों में बिजली उत्पादन पर काफी ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले की तुलना में बिहार में बिजली की खपत चार गुना बढ़ गई है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि नबीनगर में 30,000 करोड़ रुपये के निवेश से एक प्रमुख एनटीपीसी बिजली परियोजना निर्माणाधीन है और यह परियोजना बिहार को 1,500 मेगावाट बिजली प्रदान करेगी।

उन्होंने बक्सर और पीरपैंती में नए थर्मल विद्युत संयंत्रों की शुरुआत पर भी प्रकाश डाला।भविष्या पर ध्याऔन देने, विशेष रूप से बिहार को हरित ऊर्जा की ओर आगे बढ़ाने पर सरकार के फोकस को रेखांकित करते हुए, श्री मोदी ने राज्य की अक्षय ऊर्जा पहल के हिस्से के रूप में कजरा में एक सौर पार्क के निर्माण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की कि पीएम-कुसुम योजना के तहत, किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से आय उत्पन्न करने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जबकि अक्षय कृषि फीडर खेतों को बिजली की आपूर्ति कर रहे हैं, जिससे कृषि उत्पादकता में और सुधार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, लोगों के जीवन में सुधार हुआ है, और महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि आधुनिक बुनियादी ढाँचा गाँवों, गरीबों, किसानों और छोटे उद्योगों को सबसे अधिक लाभ पहुँचाता है, क्योंकि वे बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जुड़ सकते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य में नए निवेश से नए अवसर पैदा होते हैं और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

पिछले साल आयोजित बिहार बिजनेस समिट- जहां बड़ी संख्या में कंपनियां राज्य में निवेश करने के लिए आगे आईं- को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि राज्य के भीतर औद्योगिक विकास से श्रमिकों के पलायन की आवश्यकता कम हो जाती है, जिससे लोगों को उनके घर के पास ही रोजगार मिल जाता है। उन्होंने कहा कि बेहतर परिवहन सुविधाएं किसानों को अपनी उपज को अधिक दूरी तक बेचने में सक्षम बनाती हैं, जिससे कृषि क्षेत्र को और मजबूती मिलती है।

बिहार में किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में 75 लाख से अधिक किसान पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने मखाना बोर्ड की स्थापना की घोषणा की और जोर देकर कहा कि बिहार के मखाना को जीआई टैग दिया गया है, जिससे मखाना किसानों को अत्यंत लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण संस्थान की घोषणा भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि अभी दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने खरीफ सीजन के लिए धान सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है और जोर देकर कहा कि इस निर्णय से किसानों की उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित होगा और उनकी आय बढ़ेगी।

विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने बिहार को सबसे अधिक धोखा दिया है, वे अब सत्ता हासिल करने के लिए सामाजिक न्याय के झूठे आख्यानों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनके शासन के दौरान, बिहार के गरीब और हाशिए के समुदायों को बेहतर जीवन की तलाश में राज्य छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा, "दशकों तक, बिहार में दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासी समुदायों के पास बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं भी नहीं थीं", उन्होंने जोर देकर कहा कि ये समुदाय बैंकिंग की सुविधा से वंचित थे, अक्सर उन्हें बैंकों में प्रवेश नहीं करने दिया जाता था और व्यापक श्तर पर बेघर बने रहे।

लाखों लोगों के पास उचित आश्रय नहीं था। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या पिछली सरकारों के दौरान बिहार के लोगों द्वारा सहे गए दुख, कठिनाई और अन्याय ही विपक्षी दलों द्वारा वादा किया गया सामाजिक न्याय था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे बड़ा कोई अन्याय नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि विपक्ष ने कभी भी दलितों और पिछड़े समुदायों के संघर्षों की वाश्तव में परवाह नहीं की और बिहार के विकास की दिशा में काम करने के बजाय बिहार की गरीबी को दिखाने के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडलों को लाने के लिए उनकी आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जबकि दलितों, हाशिए पर पड़े समूहों और पिछड़े समुदायों ने विपक्ष की गलत कृत्यों के कारण उससे दूरी बना ली है, पार्टी सामाजिक न्याय का हवाला देकर अपनी पहचान पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि उनकी सरकार के तहत, बिहार और देश ने सामाजिक न्याय की एक नई सुबह देखी है, श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि सरकार ने गरीबों के लिए आवश्यक सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित की है और इन लाभों को 100 प्रतिशत पात्र प्राप्तकर्ताओं तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चार करोड़ नए घर उपलब्ध कराए गए हैं, और लखपति दीदी पहल के माध्यम से तीन करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब 12 करोड़ से अधिक घरों में नल के पानी के कनेक्शन हैं, जिससे पूरे देश में जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। श्री मोदी ने रेखांकित किया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक बुजुर्ग नागरिक को 5 लाख रुपये तक के निशुल्क उपचार का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर महीने निशुल्क राशन दिया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा, हमारी सरकार हर गरीब और वंचित व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी भलाई तथा उत्थान सुनिश्चित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी गांव या पात्र परिवार उसके कल्याणकारी कार्यक्रमों से वंचित न रहे और उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि बिहार ने इसी विजन के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शुरू किया है। उन्होंने रेखांकित किया कि इस अभियान के तहत सरकार 22 अनिवार्य योजनाओं के साथ गांवों और समुदायों तक एक साथ पहुंच रही है और इसका उद्देश्य दलितों, महादलितों, पिछड़े वर्गों और गरीबों को सीधे लाभ पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक 30,000 से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं और लाखों लोग इस अभियान से जुड़ चुके हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब सरकार सीधे लाभार्थियों तक पहुंचती है, तो भेदभाव और भ्रष्टाचार खत्म हो जाता है और इसे एक ऐसा दृष्टिकोण बताया जो सामाजिक न्याय का सच्चा अवतार है।

बिहार को बाबा साहब अंबेडकर, कर्पूरी ठाकुर, बाबू जगजीवन राम और जयप्रकाश नारायण द्वारा कल्पित बिहार में बदलने के विजन को रेखांकित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अंतिम लक्ष्य एक विकसित बिहार है, जो एक विकसित भारत में योगदान दे। उन्होंने कहा कि जब भी बिहार ने प्रगति की है, भारत ने विश्व श्तर पर नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग मिलकर विकास की गति को तेज करेंगे। उन्होंने इन विकासात्मक पहलों के लिए लोगों को बधाई दी।

इस कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह, चिराग पासवान, नित्यानंद राय, सतीश चंद्र दुबे, डॉ. राज भूषण चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अब तीसरी बड़ी आर्थिकी की डगर

डा. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में 24 मई को नीति आयोग ने बताया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आगामी 2.5 से 3 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए भी दिखाई दे सकेगा।

इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविश्वसनीय उपलब्धि है।

वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढने के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 140 करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा।

गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढना होगा।

वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खास तौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा। हाल ही में प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं, चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढक़र 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढक़र 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था।

चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है।

इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आयातित वश्तुओं की खरीदी की बजाय देश में उत्पादित उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए। यह देश की प्रगति के लिए जरूरी है।

निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जहां एमएसएमई देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं।

इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई को उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। निःसंदेह देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति अहम होगी।

भारत के द्वारा विगत 6 मई को ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमरीका और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढना होगा। इस समय भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरुआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है और 8 जुलाई से भारत और अमरीका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता लागू हो सकता है।

हाल ही में अमरीका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमरीका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की भूमिका भी प्रभावी होगी।

इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगे लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है।

हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है।

हाल ही में नैसकॉम और जिनोव की ओर से जारी इंडिया जीसीसीए लैंडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी का बाजार आकार 5.4 लाख करोड़ रुपए का है और यह 2030 तक 8.4 लाख करोड़ रुपए का होगा।

दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान एक प्रतिशत है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढना होगा।

यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे।

निःसंदेह मई 2024 में दुनिया की चौथी बड़ी आर्थिकी बने भारत को आगामी ढाई से तीन साल में तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने के मद्देनजर सरकार के द्वारा अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना होगा।

अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर भी ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे।

जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत की आर्थिकी की चमक बढ़ाई जा सकेगी।

इन सबके साथ-साथ इसी वर्ष 2025 के अंत तक अमरीका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण किए जाने पर पूरा ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि इन रणनीतिक प्रयासों से भारत वर्ष 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

**(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा

**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI-**UPHIN/2009/30721

# प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर कृपया न आएं, किसी को बुलाया नहीं गया; मौसम भी प्रतिकूल

### चंपत राय की दो टूक

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि तीन, चार व पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या ना आए। वही लोग अयोध्या आएं जिन्हें रामलला का दर्शन करना होगा। प्राण प्रतिष्ठा की वजह से इस दौरान न आएं।

उन्होंने कहा कि अभी मौसम भी अनुकूल नहीं है। राम दरबार व परकोटे में बनाए गए मंदिरों का दर्शन श्रद्धालु अभी कुछ महीने नहीं कर पाएंगे। राम मंदिर निर्माण की बाधाएं अभी सामने आ रही हैं। चंपत राय ने कहा कि पांच जून को राम दरबार व परकोटे में बने मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। आज दो जून को शाम 4:00 बजे सरयू तट से राम मंदिर के लिए निकलेगी जल कलश यात्रा। कल तीन जून 6:30 बजे अनुष्ठान शुरू होगा।

**राजा राम के दरबार की होगी स्थापना** – 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम बालक राम के रूप में स्थापित किए गए थे। अब दूसरी प्राण प्रतिष्ठा में भगवान राम राजा के रूप में स्थापित किए जाएंगे। राम मंदिर के पहले तल पर राजाराम का दरबार होगा। इस दरबार में भगवान राम उनके अनुज लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता जानकी और सेवक हनुमान होंगे। पांच जून को अयोध्या में पूरी तरह से बन कर तैयार राम मंदिर के दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालुओ में भी भारी उत्साह है। रामलला के दर्शन करने के बाद राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालु उत्साहित हैं। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के बारे में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि रामनगरी फुलप्रूफ सुरक्षा के लिहाज से परिपूर्ण है। जो भी कार्यक्रम स्थल हैं, वहां पर अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही जो श्रद्धालु अयोध्या में दर्शन करने आ रहे हैं, उनको भी कोई दिक्कत न होने पाए, इसका भी ख्याल रखा जा रहा है।



**उप मंदिरों में सात देव विग्रहों की होगी प्राण प्रतिष्ठा** – राजा राम के साथ सात अन्य उप मंदिरों में भी स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसमें परकोटा के ईशान कोण पर शिवलिंग, अग्नि कोण में प्रथम पूज्य श्रीगणेश, दक्षिणी भुजा के मध्य में महाबली हनुमान, नैरित्र कोण में प्रत्यक्ष देवता सूर्य, वायव्य कोण में मां भगवती, उत्तरी भुजा के मध्य में अन्नपूर्णा माता के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके साथ ही मुख्य मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटा के दक्षिणी पश्चिमी कोने में शेषावतार प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

**16 महीने बाद राजा राम की हो रही प्राण प्रतिष्ठा, कौन होगा मुख्य अतिथि**– रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के 16 महीने बाद अयोध्या में पूरी तरह से बनकर तैयार भव्य राम मंदिर के एक और प्राण प्रतिष्ठा और अभिषेक समारोह की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस कार्यक्रम में 8000 से अधिक लोगों ने भाग लिया था। इसके मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। इस बार मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम एक तरह से मंदिर निर्माण का समापन भी होगा, जो पांच अगस्त 2020 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शुरू हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर भवन निर्माण समिति का गठन किया गया था। इसकी कमान प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्र संभाल रहे हैं। राम मंदिर के पहले तल पर राजाराम का दरबार होगा। यहां पर सभी दरवाजे लगा दिए गए हैं। परकोटा के बीच निर्मित छह पूरक मंदिरों व सप्त ऋषियों के सात मंदिरो में भी कपाट लगाने का काम पूरा हो गया है। शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना का काम चल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि के 2.77 एकड़ पर निर्मित राम मंदिर के पहले तल पर भगवान श्रीराम, माता जानकी और उनके तीनों अनुज व हनुमान जी का विग्रह स्थापित किया जा चुका है। इसी की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। राम मंदिर का निर्माण पारंपरिक नागर शैली में किया गया है। इसकी लंबाई पूरब पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फिट है। यह कुल 392 खंभों और 44 दरवाजों से युक्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन जून को सुबह 6:30 बजे शुरू हो जाएगा राम मंदिर का दूसरा प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**अयोध्या , एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि में तीन जून को सुबह 6:30 बजे से दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत हो जाएगी। तीन जून से शुरू होकर पांच जून तक चलने वाले इस समारोह में राम जन्मभूमि के पहले तल पर राम दरबार, परकोटा के छह मंदिर शिवलिंग, गणपति, हनुमान, सूर्य, भगवती और अन्नपूर्णा, साथ में शेषावतार मंदिर, इन



आठ मंदिरों में देव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। मुख्य समारोह और विशेष अनुष्ठान पांच जून को सुबह 11:25 बजे होगा। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा का अंतिम पूजन किया जाएगा इसके बाद भोग, आरती होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। यह सुखद संयोग है कि पांच जून को गंगा दशहरा का पवित्र पर्व है। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन भी है। 101 वैदिक कर्मकांडी तीनों दिन प्राण प्रतिष्ठा के विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराएंगे।

### प्रयागराज के लिए अवैध टैक्सी स्टैंड, कैंट स्टेशन और रोडवेज के पास से फर्राटा भरते हैं 150 वाहन

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन और रोडवेज के आसपास से डग्गामार वाहनों का संचालन जारी है। पिछले सप्ताह ही आरटीओ और पुलिस ने इन वाहनों के संचालन पर लगाम लगाने के लिए कार्रवाई की थी। अभियान के बावजूद इन पर रोक नहीं लग सकी। रोडवेज पुलिस चौकी और सिगरा थाने को कार्रवाई को निर्देशित किया था।

रोडवेज के पास प्रयागराज के लिए अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहा है और 150 से ज्यादा टैक्सी सवारी भरकर जाती हैं। उधर, कैंट स्टेशन के सामने से डग्गामार बसें सवारी



भरती रहती हैं। अलसुबह में कैंट स्टेशन गेट के ठीक सामने डग्गामार बसें खड़ी होती हैं। कैंट स्टेशन और रोडवेज के आसपास से लगभग 150 चार पहिया वाहन प्रयागराज रूट पर संचालित हो रहे हैं।



प्रयागराज, आजमगढ़, जौनपुर रूट पर डग्गामार बसें बेरोकटोक चलती हैं। रोडवेज, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने अभियान चलाकर डग्गामार बसों और टैक्सी के रूप में चार पहिया वाहनों को सीज और चालान किया था। अवैध टैक्सी स्टैंड बंद कराया था।

रोडवेज पुलिस चौकी की लचर व्यवस्था के चलते फिर से अवैध टैक्सी आबाद हो गया। कैंट स्टेशन और रोडवेज के बीच में यूनियन बैंक के पास प्रयागराज के लिए चार पहिया स्टैंड शुरू हो चुका है। रात और भोर के समय यहां से गाड़ियां संचालित हो रही है। रोडवेज बस अड्डे के गेट से भी यात्रियों को बैठाया जा रहा है।

# सीसी रोड पर फैली गिट्टियां बन गई हादसे की वजह

- **10वीं की छात्रा की मौत...छोटी बहन भी हो गई घायल**

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में निर्माणाधीन सड़क पर गिट्टी गिरी होने और कोई संकेतक या सुरक्षा न होने की वजह से शुक्रवार रात दयालबाग मार्ग पर शीतगृह स्वामी की बेटी सिद्धि उर्फ नव्या (16) की जान चली गई। इनकी स्कूटर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पुलिस के सामने यह बात सामने आई है। हादसे में बहन भी घायल है।

घटना शुक्रवार रात 1:30 बजे की है। गंगे गौरी बाग, बल्केश्वर निवासी दिलीप अग्रवाल के हाथरस मार्ग पर शीतगृह हैं। बेटी सिद्धि उर्फ नव्या अग्रवाल ने दसवीं की परीक्षा पास की थी। घटना वाले दिन वह स्कूटर से अपनी छोटी बहन के साथ घर की तरफ जा रही थीं। दयालबाग-पोइया घाट मार्ग पर श्रीराम फार्म हाउस के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दोनों बहनों को चपेट में ले लिया। इनका स्कूटर निर्माणाधीन सड़क पर गिट्टियां फैली होने से फिसली और दोनों गिर गईं। नव्या की मौत हो गई।

### राहगीर ने बुलाई थी पुलिस

घटना के बाद का वीडियो और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में एक युवक नव्या की छोटी बहन से बात कर रहा है। वह मदद मांग रही है। वह रोते हुए कह रही है कि ट्रैक्टर वाला कुचल गया। अपने पिता को फोन लगाने की कह रही है। राहगीर ने ही 112 पर काल करके बुलाया। पुलिस नव्या को अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**फार्म हाउस से आगे निकलते ही हादसा–** डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि घटनास्थल के पास मैरिज होम के बाहर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। एक में नजर आया कि एक ट्रैक्टर पोइया घाट की तरफ से न्यू आगरा की तरफ जा रहा है। फार्म हाउस से आगे निकलते ही हादसा होता है। इसके बाद स्कूटर सवार दोनों बहन सड़क पर गिरी नजर आ रही हैं। जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां पर दोनों तरफ सड़क का निर्माण चल रहा है। इसके लिए गिट्टी डाली गई हैं। मगर, कोई संकेतक नहीं लगाया गया है। तेजगति से आती ट्रैक्टर-ट्रॉली की वजह से हादसा हुआ। सड़क पर गिट्टी होने की वजह से दोनों बहनें गिर गईं। एक सड़क से दूसरी तरफ गिरने की वजह से बच गई। परिजन जो भी तहरीर देंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रैक्टर-ट्रॉली की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर, घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पिता दिलीप और मां खुशबू के आंसू नहीं रुक रहे हैं।

# सदर सीट पर भाजपा नहीं खिला सकी कमल

### 1996 से 2022 तक इस सीट पर बाहुबली मुख्तार का कब्जा रहा

**मऊ, एजेंसी।** मऊ जिले की सदर विधानसभा सीट को बीते ढाई दशक से पूर्वांचल की सबसे हॉट सीट का दर्जा प्राप्त है। 1996 से 2022 तक इस सीट पर बाहुबली मुख्तार अंसारी का कब्जा रहा है। 1980 में भाजपा के अस्तित्व में आने के बाद से अब तक मऊ सदर में कमल नहीं खिला।

चुनावी आंकड़ों को देखें तो भाजपा यहां दूसरे नंबर पर रही है। 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन से अल्ताफ अंसारी इस सीट से मैदान में उतरे थे लेकिन उन्हें तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। भाजपा-सुहेलदेव पार्टी के गठबंधन प्रत्याशी को दूसरा स्थान मिला था। इस सीट पर मुख्तार अंसारी के दबदबे की बात करें तो वह 1996 से 2022 तक 5 बार विधायक रहा।

मुख्तार अंसारी पहली बार 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से चुनाव जीता था। 2002 और 2007 में निर्दलीय चुनाव जीतने में सफल रहा। चौथी बार 2012 में कौमी एकता दल के टिकट पर चुनाव लड़कर जीता था। 2017 में उसने बहुजन समाज पार्टी का दामन थामा और मऊ सदर सीट से विजेता बना था। सदर सीट पहले कम्युनिस्ट पार्टी का गढ़ थी। यहां के मतदाताओं ने कम्युनिस्ट पार्टी, कांग्रेस, जनता पार्टी, बसपा और निर्दल को भी मौका दिया है, लेकिन भाजपा को हमेशा ही निराशा हाथ लगी है। हालांकि भाजपा कमल खिलाने के लिए कई प्रयोग कर चुकी है।



**मुस्लिम वोट बनते हैं जीत का आधार–** मऊ सदर विधानसभा में जीत का सबसे बड़ा आधार मुस्लिम मत होता है। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार सदर विधानसभा के जातिगत समीकरण में मुस्लिम मतों की संख्या करीब 1.70 लाख है। अनुसूचित जाति 91 हजार, यादव 45 हजार, राजभर 50 हजार तो चौहान मतों की संख्या 45 हजार के करीब है। क्षत्रिय मतों की संख्या करीब 20 हजार तो ब्राह्मण मत सात हजार के करीब हैं। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 4,77,298 है। इसमें पुरुष 251781 जबकि महिला 2,25,487 है।

# बांग्लादेशियों की मौजूदगी के इनपुट पर करेली में झुग्गी बस्ती में छापा, 600 लोग फरार



**प्रयागराज, एजेंसी।** करेली के जीटीबी नगर में अवैध रूप से बांग्लादेशी नागरिकों के रहने का इनपुट मिलने के बाद रविवार को पुलिस टीम हरकत में आई। इसके बाद करेली थाने की फोर्स मौके पर सत्यापन के लिए पहुंची तो बस्तियों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान करीब 600 लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि उनके बारे में पता लगाया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से आए हजारों लोगों ने जीटीबी नगर मोहल्ले में झुग्गियां बसा ली हैं। इन लोगों ने स्थानीय पते पर आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र भी बनवा लिए हैं। इससे वह सरकारी सुविधाओं का लाभ भी उठा रहे हैं। पुलिस को इनपुट मिला कि इनके बीच में कुछ बांग्लादेशी नागरिक भी हो सकते हैं। पुलिस का कहना है कि सत्यापन के दौरान करीब 600 से अधिक लोग बस्ती से अचानक गायब हो गए। थाना प्रभारी राजेश मौर्य ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी की सूचना पर यह सत्यापन अभियान चलाया गया था। गायब हुए लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है और सत्यापन का कार्य अभी जारी है। स्थानीय निवासियों से पूछताछ भी की जा रही है। किसी के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# जौनपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच तड़तड़ाई गोलियां, तीन बदमाशों को लगी गोली

**जौनपुर , एजेंसी।** जौनपुर जिले में पुलिस व बदमाशों के बीच जमकर फायरिंग हुई। तीन स्थानों पर मुठभेड़ हुई। जिसमें तीन बदमाशों को गोली लगने के बाद पुलिस ने दबोच लिया। बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। खेतासराय पुलिस की रविवार की देर रात एक बदमाश संग थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़कुडहा में मुठभेड़ हो गई। इसमें बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी जिससे वाह घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी सोंधी पर इलाज के लिए भर्ती कराया। बदमाश पर जिले के तीन थानों में चार मुकदमे दर्ज हैं। बदमाश के पास से एक तमंचा, तीन खोखा और एक मोटर साइकिल बरामद हुई है। थानाध्यक्ष खेतासराय रामआसरे रायने बताया कि रविवार की देर रात उनकी एक टीम सोंगर बॉर्डर पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक संदिग्ध बाइक सवार आजमगढ़ की ओर से आता दिखा। जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो उसने चौकी प्रभारी के पर बाइक चढ़ाने का प्रयास किया और गाली देता हुआ तेज गति से मानीकला की तरफ भागने लगा। चौकी प्रभारी ने उसका पीछा किया और थानाध्यक्ष को सूचना दी। थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ सरायख्वाजा बॉर्डर से



भुडकुडहा गांव होते हुए मानीकला की तरफ बढ़े। इसी दौरान एक स्कूल से करीब 200 मीटर पहले संदिग्ध बाइक सवार ने खुद को घिरा देखकर बाइक मोड़कर भागा तो अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसको चेतावनी देते हुए रुकने के लिए कहा तो उसने तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। गोली थानाध्यक्ष के कान के पास से निकल गई। पुलिस ने दोबारा चेताया लेकिन उसने फिर फायर किया। इस पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी बदमाश पर गोली चलाई। उसके बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। बदमाश ने अपना नाम मनीष यादव निवासी बहरीपुर थाना जलालपुर जौनपुर बताया। बदमाश को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार के लिए पीएचसी सोंधी खेतासराय में भर्ती कराया गया तथा उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि बदमाश के खिलाफ जौनपुर के जलालपुर थाने में जान से मारने की धमकी देने का एक, केराकत में आर्म्स एक्ट के तहत दो और खेतासराया थाने में भी आर्म्स एक्ट का एक मुकदमा दर्ज है। बदमाश के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हैवान बना पिता...दामाद के साथ मिलकर अपनी ही शादीशुदा बेटी का कर दिया कत्ल

### वजह जान रह जाएंगे सन्न

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में रिश्तों के कत्ल की खौफनाक वारदात सामने आई है। यहां एक पिता ने दामाद के साथ मिलकर अपनी ही बेटी का कत्ल कर दिया। इसके बाद वो खुद थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई। मामले का खुलासा तब हुआ जब विवाहिता की बहन की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की।

राजस्थान के सीमावर्ती गांव नवाब बसई में पिता, पति और देवर ने विवाहिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। वारदात के शव को बाइक से खेरागढ़ के गांव भोपुर के समीप फेंक दिया था। मृतका की बड़ी बहन ने पिता, मृतका के पति और देवर के खिलाफ थाना कोलारी, धौलपुर में केस दर्ज कराया है। गांव भोपुर के समीप शनिवार की सुबह सड़क किनारे करीब 25 वर्षीय युवती का खून से लथपथ शव मिला था। जिसकी शिनाख्त उसके पिता कोमल सिंह निवासी नवाब बसई ने खेरागढ़ थाने पहुंचकर बेटी सुनीता निवासी सालेहनगर, बरबर के रूप में की थी। खेरागढ़ पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने के प्रयास में लगी थी। तभी शनिवार की रात करीब 11 बजे मृतका की बहन पूजा ने थाना कोलारी पहुंचकर अपने पिता कोमल सिंह, सुनीता के पति पवन और देवर जल सिंह पर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया।

थानाध्यक्ष कोलारी ने बताया कि मृतका सुनीता और उसकी दो बड़ी बहनों की शादी गांव सालेहनगर बरबर में हुई थी। एक बड़ी बहन पूजा ने पति से तलाक लेकर दूसरी जगह शादी कर ली है। सुनीता की अपने पति पवन से अनबन रहती थी। 24 मई को पति सुनीता को अपने साथ लखनऊ ले जा रहा था, तभी कैंट स्टेशन पर दोनों में झगड़ा हो गया। सुनीता आगरा में बड़ी बहन पूजा के यहां चली गई। 30 मई शनिवार को पूजा सुनीता को नवाब बसई पिता के घर छोड़ गई।



9 साल बाद आईपीएल में खेला जाएगा ऐसा फाइनल

# इतिहास रचने के करीब आरसीबी-पंजाब की टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का फाइनल एक ऐतिहासिक मुकाबला होने जा रहा है. 3 जून 2025 को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीमें आमने-सामने होंगी. इन दोनों ही टीमों के लिए ये सीजन अभी तक काफी शानदार रहा है. लीग स्टेज में ये टीमें टॉप-2 में रहीं थीं और अब खिताब से एक जीत दूर हैं. ये मैच फैंस के लिए भी काफी खास रहने वाला है. उन्होंने आईपीएल में 9 साल के बाद एक खास नजारा देखने को मिलेगा.

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की नजर अब अपने पहले आईपीएल खिताब पर है. वहीं, 2016 के बाद पहली बार ऐसा होगा, जब फाइनल में दोनों ऐसी टीमें आमने-सामने होंगी, जिन्होंने अभी तक एक बार भी खिताब नहीं जीता है. यानी क्रिकेट फैंस को 9 साल बाद ऐसी टीमों के बीच फाइनल देखने को मिलेगा, जिन्होंने एक भी सीजन नहीं जीता है. इसका मतलब है कि आईपीएल को अपना 8वां नया चैंपियन मिलेगा और 2022 के बाद यह पहली बार होगा, जब कोई नई टीम खिताब जीतेगी. इससे पहले 2016 में फाइनल मैच सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमों के बीच खेला गया था. तब दोनों ही टीमों के पास कोई खिताब नहीं था और सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी को हराकर अपना पहला खिताब जीता था. इसके बाद 2017 से 2024 तक हर फाइनल में कम से कम एक ऐसी टीम थी, जिसने पहले खिताब जीता था. जैसे चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, या कोलकाता नाइट राइडर्स.

## विराट कोहली मुसीबत में फंसे, पब और रेस्तरां पर पुलिस ने की कार्रवाई, दर्ज हुआ मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली के स्वामित्व वाले बेंगलुरु स्थित पब और रेस्तरां वन8 कम्यून को धूम्रपान क्षेत्र निर्धारित न होने के कारण पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कब्बन पार्क पुलिस ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए रेस्तरां के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है। रेस्तरां के भीतर धूम्रपान के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र न होने के कारण पब पर मामला दर्ज किया गया है। ये धाराएं होटल, रेस्तरां और हवाई अड्डों जैसे कुछ स्थानों पर निर्दिष्ट धूम्रपान क्षेत्र की अनुमति देती हैं। मामला शनिवार है जिसमें सार्वजनिक धूम्रपान मानदंडों को लागू करने के लिए बेंगलुरु सिटी पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई।

## 2022 के बाद नया चैंपियन

2022 में गुजरात टाइटंस ने अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, जो उनकी डेब्यू सीजन में एक बड़ी उपलब्धि थी. इसके बाद 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स और 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खिताब जीते, जो पहले भी चैंपियन रह चुके थे. लेकिन 2025 में, आरसीबी और पीबीकेएस के बीच होने वाले फाइनल से एक नई चैंपियन टीम का उदय होगा, जो 2022 के बाद पहली बार होगा. वहीं, आईपीएल के 17 सीजन के इतिहास में अब तक 7 टीमें चैंपियन बन चुकी हैं. राजस्थान रॉयल्स (2008), डेक्कन चार्जर्स (2009), चेन्नई सुपर किंग्स (2010, 2011, 2018, 2021, 2023), कोलकाता नाइट राइडर्स (2012, 2014, 2024), मुंबई इंडियंस (2013, 2015, 2017, 2019, 2020), सनराइजर्स हैदराबाद (2016), और गुजरात टाइटंस (2022). अब 2025 में विजेता चाहे कोई भी हो आईपीएल का 8वां नया चैंपियन मिलना तय है.



## ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

● अब पूरा ध्यान टी20 विश्व कप पर

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे से संन्यास ले लिया। उन्होंने कहा कि वह स्वार्थी कारणों से नहीं खेलना चाहते क्योंकि उनका शरीर संघर्ष कर रहा है। 36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और अक्सर कमतर आंके जाने वाले ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे मैच खेले हैं जिसमें कई लोगों द्वारा सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी मानी जाती है। मैक्सवेल 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले थे, जब उनकी टीम 7-91 के स्कोर पर लड़खड़ा रही थी। उच्च दबाव की स्थिति में और भीषण गर्मी में गंभीर ऐंठन से जूझते हुए उन्होंने हार के मुंह से जीत छीनने के लिए सिर्फ 128 गेंदों पर 201 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में पसंदीदा भारत को हराकर विश्व कप जीता। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, मुझे लगा कि मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा हूं क्योंकि शरीर परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया कर रहा है। मैंने (चयनकर्ताओं के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। हमने 2027 विश्व कप के बारे में बात की और मैंने उनसे कहा मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर पाऊंगा, अब समय आ गया है कि मेरी स्थिति में लोगों के लिए योजना बनाई जाए ताकि वे इस स्थिति को अपना बना सकें। मैक्सवेल हाल ही में पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में खेले थे, जो उंगली में चोट के कारण बीच में ही वापस लौट गए थे। विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि अगर मुझे लगता है कि मैं अभी भी खेलने के लिए पर्याप्त अच्छा हूं तो मैं अपनी स्थिति नहीं छोड़ूंगा। मैं सिर्फ कुछ सीरीज तक ही टिके रहना नहीं चाहता था और स्वार्थी कारणों से खेलना नहीं चाहता था। मैक्सवेल का 126 का स्ट्राइक रेट वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे अधिक है, जो वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज आंद्रे रसेल से पीछे है। उन्होंने 77 विकेट के साथ चार शतक और 23 अर्धशतक लगाए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, मैक्सवेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 आईसीसी पुरुष ञ्20 विश्व कप, बिग बैश लीग और अपनी अन्य वैश्विक प्रतिबद्धताओं के लिए अपनी तैयारी को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने अपने शानदार एकदिवसीय करियर में कई बेहतरीन मैच खेले हैं, जिसमें दो एकदिवसीय विश्व कप जीत भी शामिल हैं। इस साल की शुरुआत में मार्कस स्टोइनिस के एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह घोषणा ऑस्ट्रेलियाई टीम के किसी सदस्य द्वारा दूसरी महत्वपूर्ण सेवानिवृत्ति है। मैक्सवेल ने अपने एकदिवसीय करियर पर विचार करते हुए कहा, मुझे लगता है कि शुरुआत में ही मुझे अपने समय से पहले और अचानक चुना गया था। मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने पर गर्व था। मुझे लगा कि मैं बस यही करूंगा। तब से, मैं उतार-चढ़ाव से गुजरने में सक्षम रहा हूं, जैसे कि टीम से बाहर होना, वापस लाया जाना, कुछ विश्व कप में खेलना और कुछ बेहतरीन टीमों का हिस्सा होना। मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने मैक्सवेल को एक रोमांचक और प्रभावशाली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ग्लेन की शानदार बल्लेबाजी ने क्रिकेट जगत को जगमगा दिया है और 50 ओवर के खेल में ऑस्ट्रेलिया की निरंतर सफलता के आधारशिलाओं में से एक रहा है जिसमें 2023 विश्व कप जीत में उनकी वीरतापूर्ण भूमिका भी शामिल है। खेल के अन्य महान खिलाड़ियों की तरह, ग्लेन की बल्लेबाजी देखने के लिए भीड़ मैदानों में उमड़ी है और बच्चों ने उन्हें विपक्षी हमलों को चकमा देते हुए बल्ला उठाने के लिए प्रेरित किया है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और वर्तमान मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने भी मैक्सवेल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ग्लेन को एक दिवसीय खेल के सबसे गतिशील खिलाड़ियों में से एक के रूप में जाना जाएगा जिन्होंने दो एकदिवसीय विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी स्वाभाविक प्रतिभा और कौशल का स्तर उल्लेखनीय है। सौभाग्य से, उनके पास अभी भी टी20 प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को देने के लिए बहुत कुछ है। सब कुछ ठीक रहा तो अगले 12 महीनों में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे क्योंकि हम अगले साल की शुरुआत में विश्व कप की ओर बढ़ रहे हैं।

# IPL 2025 से बाहर होकर भी मालामाल हुई मुंबई इंडियंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का क्वालिफायर 2 एक रोमांचक मुकाबला साबित हुआ, जिसमें पंजाब किंग्स ने पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. हालांकि मुंबई इंडियंस इस हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई, लेकिन फिर भी उसे इस सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए करोड़ों रुपये की प्राइज मनी से नवाजा जाएगा.

आईपीएल 2025 का क्वालिफायर 2 एक रोमांचक मुकाबला साबित हुआ, जिसमें पंजाब किंग्स ने पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. हालांकि मुंबई इंडियंस इस हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई, लेकिन फिर भी उसे इस सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए करोड़ों रुपये की प्राइज मनी से नवाजा जाएगा. बीसीसीआई की ओर से इस सीजन की प्राइज मनी को



लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है. ऐसे में माना जा रहा है कि आईपीएल 2025 की प्राइज मनी पिछले साल के बराबर रखी गई हैय इस साल की कुल पुरस्कार राशि 46.5 करोड़ रुपए हो सकती है, जो टूर्नामेंट की चार टॉप-4 टीमों के बीच बांटी जाएगी. बीसीसीआई की ओर से इस सीजन की प्राइज मनी को लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है. ऐसे में माना जा रहा है कि आईपीएल 2025 की प्राइज मनी पिछले साल के बराबर रखी गई हैय इस साल की कुल पुरस्कार राशि 46.5 करोड़ रुपए हो सकती है, जो टूर्नामेंट की चार टॉप-4 टीमों के बीच बांटी जाएगी.

पिछले साल तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 7 करोड़ रुपए मिले थे. इस बार मुंबई इंडियंस की टीम ने भी सीजन को तीसरे स्थान पर खत्म किया है. ऐसे में उसे अपने इस शानदार खेल के लिए 7 करोड़ रुपए की प्राइज मनी दी जाएगी. पिछले साल तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 7 करोड़ रुपए मिले थे. इस बार मुंबई इंडियंस की टीम ने भी सीजन को तीसरे स्थान पर खत्म किया है.

ऐसे में उसे अपने इस शानदार खेल के लिए 7 करोड़ रुपए की प्राइज मनी दी जाएगी. मुंबई इंडियंस ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को 20 रनों से हराकर क्वालिफायर 2 में जगह बनाई थी. हालांकि, पंजाब के खिलाफ वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए. इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए थे. लेकिन वह इस टारगेट को डिफेंड करने में नाकाम रही. मुंबई इंडियंस ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को 20 रनों से हराकर क्वालिफायर 2 में जगह बनाई थी. हालांकि, पंजाब के खिलाफ वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए. इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए थे.

आईपीएल 2025:

## हार्दिक पंड्या पर बीसीसीआई ने लिया एक्शन, पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को भी लगा फटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के दूसरे क्वालिफायर में रविवार को पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर के 41 गेंदों में नाबाद 87 रनों की मदद से मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया. इसके साथ ही यह भी तय हो गया कि



आईपीएल को इस सीजन में एक नया चैम्पियन मिलेगा. बारिश की वजह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में देर से शुरू हुए मैच में दोनों कप्तानों पर जुर्माना लगाया गया है. पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना भरना पड़ा है. श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. पंजाब के बाकी सदस्यों पर या तो 6 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25% (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया गया, जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया. तीसरा ओवर-रेट अपराध होने के बावजूद हार्दिक को निलंबन नहीं झेलना पड़ेगा. जैसा कि उन्हें आईपीएल 2024 के अंत में झेलना पड़ा था. जिसके कारण उन्हें आईपीएल 2025 का पहला मैच छोड़ना पड़ा था. उस नियम को मौजूदा सीजन से पहले संशोधित किया गया था.

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट:

## विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराकर चुकता किया बदला

**स्टावेंजर, एजेंसी।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।



# पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

### टी-20 सीरीज 3-0 से जीती, मोहम्मद हारिस ने नाबाद सेंचुरी लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने घरेलू मैदान पर तीन साल बाद कोई टी-20 सीरीज जीती है। इससे पहले 2021 में वेस्टइंडीज को हराया था। उसके बाद 4 घरेलू सीरीज खेली, सभी में हार मिली। पाक ने पहला मुकाबला 37 और दूसरे 57 रन से जीता था। पाकिस्तान ने 17.2 ओवर में टारगेट चेज किया रविवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। पाक टीम ने 17.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 197 रन के टारगेट को चेज कर लिया। युवा बल्लेबाज मोहम्मद हारिस ने 46 बॉल पर नाबाद 107 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



मोहम्मद हारिस ने 46 बॉल पर नाबाद 107 रन बनाए। परवेज हुसैन की फिफ्टी बांग्लादेश की तरफ से ओपनर परवेज हुसैन इमोन ने सबसे ज्यादा 66 रनों की शानदार पारी खेली। इमोन ने 34 गेंदों पर सात चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा तंजीद हसन ने 42 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और अब्बास अफरीदी ने सबसे ज्यादा दो-दो विकेट अपने नाम किए। फहीम अशरफ और शादाब खान ने एक-एक विकेट चटकाए।

इमोन ने 34 गेंदों पर 66 रनों की शानदार पारी खेली। हारिस ने नाबाद शतक लगाया इस मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद हारिस ने शानदार शतक जड़ा। हारिस ने 46 गेंदों पर 107 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के भी जड़े। उनका स्ट्राइक रेट 232.61 का रहा। उनके इस शतक के अलावा पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज सैम अयूब ने भी शानदार पारी खेली। उन्होंने 29 गेंदों पर 45 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से मेहदी हसन मिराज को 2 और तंजीम हसन को 1 विकेट मिला।

ब्राजील सीरी एः

# फ्लेमेंगो ने बढ़त बनाई, बोटाफोगो से हारी सैंटोस, नेमार को रेड कार्ड

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील सीरी ए चैंपियनशिप में टॉप पर चल रही फ्लेमेंगो ने फोर्टालेजा पर 5-0 से जीत दर्ज की। मेजबान टीम ने 30वें मिनट पर जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा के दम पर बढ़त हासिल की। अर्रास्काएटा ने लियो ऑर्टिज के डिफेंस को तोड़ते हुए 12 गज की दूरी से गोल दागा।

एवर्टन अराउजो ने 48वें मिनट 18 यार्ड बॉक्स के किनारे से एक पावरफुल शॉट के साथ बढ़त को दोगुना कर दिया। एवर्टन के लेऑफ के बाद 15 गज की ड्राइव के साथ लुइज अराउजो ने 56वें मिनट पर स्कोर 3-0 कर दिया। फ्लेमेंगो का प्रदर्शन शानदार रहा और माइकल ओलिवेरा ने 71वें मिनट पर गिलर्मो वरेला के 30 गज के कर्लिंग क्रॉस के



बाद फार पोस्ट पर वॉली मारकर अपनी टीम की बढ़त को बढ़ाया। लुइस अराउजो ने काउंटर अटैक पर पेड्रो के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई और 74वें मिनट पर एक और गोल दाग दिया। माराकाना स्टेडियम में हुए इस परिणाम के बाद फ्लेमेंगो के 11 मैचों में 24 अंक हो गए, जो दूसरे स्थान पर मौजूद क्रुजेरियो से एक अंक आगे है। फ्लेमेंगो के मैनेजर फिलिप लुइस ने मैच के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उनकी टीम अब अपना फोकस यूएस में होने वाले फीफा क्लब वर्ल्ड कप पर करेगी। उन्होंने कहा, हम सही रास्ते पर हैं और हमने यहां तक पहुंचने के लिए कई बाधाओं को पार किया है। फ्लेमेंगो 16 जून को ईएस ट्यूनिस के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलेगी। इससे पहले वह ग्रुप स्टेज में चेल्सी और लियोन से भी भिड़ेगी।

फिलिप लुइस ने कहा, दो महीने से ज्यादा समय में पहली बार मुझे एक दिन की छुट्टी मिल सकती है (सोमवार को), फिर हम क्लब वर्ल्ड कप के बारे में सोचना शुरू करेंगे। रविवार को सैंटोस को मौजूदा चैंपियन बोटाफोगो से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। 76वें मिनट में मेजबान टीम के 10 खिलाड़ी रह गए थे, क्योंकि डेविड रिकार्डो के साथ गोल-लाइन की खींचतान के दौरान नेमार को जानबूझकर गेंद को हैंडल करने का दोषी पाया गया।

रविवार को ब्राजील के सीरी ए के अन्य मुकाबलों में फ्लूमिनेंसे ने इंटरनेशनल पर 2-0, क्रुजेरियो ने पाल्मेरास पर 2-1, जबकि एटलेटिको मिनेरो ने सिएरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। कोरिंथियंस को विटोरिया ने गोलरहित घरेलू ड्रॉ पर रोका, वहीं ग्रेमियो ने जुवेंटुड पर 2-0 से जीत दर्ज की और मिरासोल ने स्पोर्ट पर घरेलू मैदान पर 1-0 से जीत दर्ज की।